संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 118 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।

# विपक्ष बौखलाया, इसलिए झूठ फैला रहा: पीएम

= आज बाबा साहेब अंबेडकर भी चाहकर आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**साधा निशाना**

8 कांग्रेस ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु/मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार 29 अप्रैल को चार सभाएं हैं। सबसे पहले वे कर्नाटक के बागलकोट पहुंचे। इसके बाद महाराष्ट्र के सोलापुर और सातारा गए। सोलापुर में पीएम ने कहा- विपक्ष (कांग्रेस, इंडी गठबंधन) बौखलाया हुआ है, इसलिए झूठ फैला रहा है। आज बाबा साहेब अंबेडकर भी चाहकर आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है। बागलकोट में मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? उनके दुख, उनकी तकलीफ से कांग्रेस और उनके साथियों को कोई वास्ता नहीं था। कांग्रेस की पहचान उनके पापों के कारण बनी है। उन्होंने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। विधायकों को विकास निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यहां की सरकार अपने अधिकारियों को पेमेंट नहीं दे पाएगी। आपके बच्चे भूखे मर जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नहीं चला रही। वह वसूली गैंग चला रही है। कांग्रेस के नेता अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। हमारे बेंगलुरु ने देश का नाम ऊंचा किया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे टैंकर हब बना दिया है।



## एनडीए ने दलित के बेटे को राष्ट्रपति बनाया: पीएम

**पीएम** ने कहा कि 2014 में आपने प्रचंड बहुमत दिया तो एनडीए ने दलित के बेटे (रामनाथ कोविंद) को राष्ट्रपति बनाया। 2019 में आपने फिर हमें जनादेश दिया तो हमने देश के इतिहास में आदिवासी की बेटी को राष्ट्रपति के रूप में स्थापित किया। आज सांसदों की लोकसभा, राज्यसभा में की संख्या देख लीजिए एसटी एससी, ओबीसी के सबसे ज्यादा प्रतिनिधि भाजपा के टिकट पर चुनकर आते हैं। सातारा का हर सैनिक परिवार आत्मनिर्भर होती सेनाओं को देखकर खुश है। आज हमारी सेना के पास एक से बढ़कर एक मेड इन इंडिया हथियार हैं। ऐसा करके मोदी ने जिनकी दुकानें बंद कर दीं, वे खुश होंगे क्या? हथियारों के जिन दलालों को कांग्रेस की सरकार अच्छी लगती थी, वे क्या कभी मोदी की वाहवाही करेंगे?

हुबली में हमारी एक बेटी के साथ बहुत गलत हुआ। उसे चाकू मारा गया। वो घटना के बारे में सुनकर हर किसी का दिल दहल गया, लेकिन कांग्रेस सरकार वोटबैंक की राजनीति कर है। तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद को पार कर सकती है। कर्नाटक में कट्टरपंथी ताकतें बेलगाम हुई है। कोई दुकानदार अपनी दुकान के अंदर हनुमान चालीसा सुनता है तो उस पर हमला होता है। ये आतंकवाद और कट्टरवाद की मानसिकता है। कांग्रेस वोट पाने के लिए इस मेंटेलिटी को प्रोटेक्ट कर रही है। सोशल मीडिया के जमाने में कांग्रेस टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल कर रही है। ये लोग फेक वीडियो बना रहे हैं। मेरी आवाज लगाकर कुछ भी खबर चला रहे हैं। अगर आपको कोई भी फेक वीडियो मिलता है तो उसे भाजपा को दें। तुरंत कार्रवाई होगी। मोदी को अवसर दिया गया तो हमने गांव तक बिजली पहुंचाने का संकल्प पूरा किया। उस समय ये मजाक उड़ाते थे कि पहाड़, जंगल से गुजरकर गांव तक बिजली कैसे पहुंचेगी। अब मोदी ने 75 फीसदी से ज्यादा घरों तक पानी पहुंचा दिया।

## 'न रुकूंगा, न थकूंगा, न झुकूंगा: ये मोदी की गारंटी है'


**प्रधानमंत्री** ने बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में सभाएं की। प्रधानमंत्री ने दावणगेरे में कहा कि न रुकूंगा, न थकूंगा और न झुकूंगा। ये मोदी की गारंटी है। आप ये सब 10 साल से देख रहे हैं। मेरी माताओ और बहनो, वे आपके मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि वे आपके सोने के बारे में जानकारी करेंगे, और फिर उसे बांट देंगे। वो किसे बाटेंगे? मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है। आपकी प्रॉपर्टी को उन लोगों में बांटा जाएगा, जिनके ज्यादा बच्चे हैं। ये घुसपैठियों को बांटा जाएगा। क्या आपकी मेहनत की कमाई घुसपैठियों के पास चली जानी चाहिए?' ढट मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा की एक रैली में ये बात कही। इसके बाद अलीगढ़ और बाद की कुछ रैलियों में भी मोदी ने कहा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति का पुनर्वितरण कर देगी।

**आदर्श विचार**



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

**मन की बात**



"संगति आप को ंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"

## तेलंगाना सीएम को पुलिस का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। जारी किए नोटिस के मुताबिक सीएम रेड्डी समेत पांच लोगों को एक मई को दिल्ली बुलाया गया है। इन सभी ने वीडियो को सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया था। सूत्रों के मुताबिक सीएम रेड्डी को पुलिस ने उस मोबाइल को भी साथ लाने को कहा है जिससे उन्होंने ये वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था।

## 'इंडी गठबंधन का पीएम उम्मीदवार कौन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा और एनडीए लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। लेकिन क्या कोई यह जानता है कि अगर इंडी गठबंधन का प्रधानमंत्री उम्मीदवार कौन होगा।

**राहुल पर साधा निशाना** : नड्डा सोमवार को तेलंगाना पहुंचे। यहां उन्होंने कोठागुडेम और महबूबाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन को अहंकारी बताते हुए कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि विपक्षी गठबंधन से कौन प्रधानमंत्री बनेगा। उन्होंने कहा कि भगवान न करें राहुल गांधी को कोई प्रधानमंत्री बना दे। आपको क्या लगता है कि वे कोरोना जैसे महामारी से लड़ने में सक्षम हैं। क्या राहुल गाधी महंगाई से लड़ सकते हैं। क्या वे विकास में योगदान दे सकते है। क्या वे वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। रैली में नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अहंकारी गठबंधन के नेताओं को सिर्फ सत्ता से प्यार हैं। उन्हें जनता की सेवा में बिल्कुल भी रुचि नहीं है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार मिटाओ लेकिन गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टों को बचाओ।

## शिक्षक भर्ती: सीबीआई जांच पर 'सुप्रीम' रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

**सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई** :मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था।



**याचिका**

8 सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है

## कनाडा में फिर लगे खालिस्तान समर्थक नारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल शामिल होते हैं बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने इस घटना पर चिंता जताई है। इसके साथ उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है कि अगर घर के पीछे सांप पालेंगे तो दूसरों के साथ एक दिन वो आपको भी डसेगा।

## 'सीएम केजरीवाल का पद पर रहना केजरीवाल का व्यक्तिगत निर्णय'

### लेकिन बच्चों का अधिकार नहीं कुचलने दिया जा सकता: हाईकोर्ट

**टिप्पणी**

8 एमसीडी स्कूलों के छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों के अनुसार मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, ड्रेस के हकदार हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दो लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने संबंधी याचिका पर सोमवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का फैसला अरविंद केजरीवाल का व्यक्तिगत निर्णय है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि स्कूल जाने वाले बच्चों के मौलिक अधिकारों को कुचल दिया जाएगा। अदालत ने कहा कि एमसीडी स्कूलों के छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों के अनुसार मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, ड्रेस के हकदार हैं। स्कूल जल्द ही गर्मी की छुट्टियों के लिए बंद होने वाले हैं।



ऐसे में एमसीडी आयुक्त को पांच करोड़ रुपये की व्यय सीमा से बाधित हुए बिना दायित्वों को पूरा करने के लिए आवश्यक व्यय के तत्काल वहन करने का निर्देश दिया है।

**यह है पूरा मामला** : बता दें कि अदालत सोशल ज्यूरिस्ट नामक संगठन द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें यह मुद्दा उठाया गया था कि एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं और नागरिक निकाय में गतिरोध के कारण वे टिन शेड में पढ़ रहे हैं। मामले की पिछली सुनवाई के दौरान, एमसीडी आयुक्त कार्यवाही में शामिल हुए थे और पीठ को सूचित किया कि लगभग दो लाख छात्रों के पास कोई बैंक खाता, वर्दी नहीं है और इसलिए इन छात्रों को स्टेशनरी प्रतिपूर्ति नहीं की गई है। उन्होंने कहा था कि नोटबुक, स्टेशनरी आइटम, वर्दी और स्कूल बैग के वितरण न होने का एक प्रमुख कारण 'स्थायी समितियों का गठन न होना' है और केवल स्थायी समिति के पास ही 5 करोड़ से अधिक मूल्य के अनुबंध देने की शक्ति और अधिकार क्षेत्र है।

## 'विभाजन ने पूर्वोत्तर की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** : विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के विभाजन ने कई तरह से पूर्वोत्तर राज्यों की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया। राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी इसका असर पड़ा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में 'दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण, आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना' विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के विभाजन ने कई तरह से पूर्वोत्तर राज्यों की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया। राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी इसका असर पड़ा। भारत के विभाजन के परिणाम ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया, जो पूर्वोत्तर के पास था या होता।



**प्रभाव**

8 राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी असर पड़ा

## शाह के फर्जी वीडियो मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित** शाह से जुड़े फर्जी वीडियो के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रीतम सिंह है।

**फर्जी वीडियो मामले में गृह मंत्रालय गंभीर:** दरअसल, सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छेड़छाड़ की गई है। वीडियो में शाह एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। एक दिन पहले रविवार को शाह का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोगों को खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। स्पेशल सेल उन एक्स अकाउंट पर नजर रख रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा- समन नजरअंदाज क्यों किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 30 अप्रैल को भी सुनवाई जारी रखेगा। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन कर की गई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं लेकिन आपने जमानत की याचिका क्यों नहीं दाखिल की। तब सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही अवैध थी, इसलिए उसको ही चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की 21 मार्च को धारा 19 के तहत हुई गिरफ्तारी के लिए ईडी के पास पर्याप्त वजहें नहीं हैं। ईडी सबूत के तौर पर जिन दस्तावेज की बात कर रहा है, उनसे केजरीवाल का कोई लेना-देना ही नहीं है। सिंघवी ने कहा कि जब ईडी ने ईसीआईआर दाखिल किया तो उसके बाद 18 महीनों में केजरीवाल की गिरफ्तारी नहीं हुई। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपका नाम सीबीआई के मामले में है तो सिंघवी ने कहा कि उसमें भी इनका नाम नहीं है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से डेढ़ साल पहले मामला शुरू हुआ। उस दौरान तीन चार्जशीट दाखिल हुईं। सीबीआई ने भी इस मामले में चार्जशीट दाखिल की लेकिन उसमें भी केजरीवाल का नाम नहीं है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सीबीआई और ईडी ने दिसंबर, 2023 तक कोर्ट में 10 दस्तावेज पेश किये लेकिन उनमें से एक में भी केजरीवाल का नाम नहीं था।



**जिरह**

8 जमानत के लिए आवेदन क्यों नहीं किया; सिंघवी का जवाब- क्योंकि गिरफ्तारी अवैध है

## संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच: जुलाई में होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संदेशखाली में महिलाओं के साथ यौन शोषण और जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में सीबीआई जांच के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जुलाई तक के लिए टल गई है। पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट से खुद सुनवाई टालने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जांच में कुछ नए बिंदु सामने आए हैं।

**चुनावी संग्राम** कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है, इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है।

## आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांट रही कांग्रेस: अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करने का आरोप लगाया। सोमवार को जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां उनकी सारी गारंटी बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है, इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा होगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार आती है, वहां हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर कांग्रेस एक विशेष समुदाय को दे देती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। भाजपा राज में एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण निर्विरोध बरकरार था, है और रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने 3 दशकों तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली अस्थिर सरकार का दंश झेला है, जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट बैंक पॉलिटिक्स चरम पर था। आज देश में कोई नहीं चाहता कि वह दौर वापस आए। सभी को मोदी के पिछले 10 वर्षों में हुए विकास की पहचान है और इसीलिए आज पूरे देश के लोग भाजपा और एनडीए के पीछे लामबंद हैं। देश की जनता को पता है कि इंडी एलाइंस वाले देश को एक परचून की दुकान समझते हैं, जिसमें प्रत्येक वर्ष कोई नया प्रधानमंत्री बनेगा। इसीलिए आज कांग्रेस 40 सीटों के लिए संघर्ष कर रही है और भारतीय जनता पार्टी अकेले दम पर 370 पार और एनडीए 400 पार सीटें लाने वाली है।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि जहा कांग्रेस की सोच लोगों को गरीब बनाए रखना है, वहीं मोदी सरकार की सोच लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है।



**हमला बोला**

8 कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर विशेष समुदाय को दे देती है

## हिमाचल: तीनों संकाय में बेटियां ही टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई), धर्मशाला ने 29 अप्रैल को कक्षा 12वीं के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस वर्ष, कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 02 से 30 मार्च तक आयोजित की गईं। परीक्षा में लगभग 85 हजार छात्र शामिल हुए थे। एचपी बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए प्रोविजनल मार्कशीट आज, 29 अप्रैल को ऑनलाइन मोड में जारी करेगा, छात्रों को उनकी मार्कशीट बाद में संबंधित स्कूल अधिकारियों द्वारा प्रदान की जाएगी। इस वर्ष 12वीं का रिजल्ट 73.76% रहा है। 85,777 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 63,092 छात्र पास हुए हैं।

तीन संकाय में 41 टॉपर है, इसमें 30 छात्राएं और 11 छात्र शामिल हैं। विज्ञान संकाय में 98.80 फीसदी अंक हासिल कर कामाक्षी शर्मा और छाया चौहान ने 12वीं में टॉप किया है। दोनों ने 500 में से 494 अंक हासिल किए हैं।

कला संकाय में 98 फीसदी अंक हासिल कर अर्शिता ने और वाणिज्य संकाय में शाव्या ने 98 फीसदी अंक हासिल कर टॉप किया है। दोनों ने 500 में से 490 अंक हासिल किए हैं।



# हार के डर से कांग्रेस को गुरुग्राम में नहीं मिल रहा प्रत्याशीः सैनी

## गुरुग्राम ने राव इंद्रजीत को 8 लाख वोटों से जिताने का संकल्प लिया, सीएम नायब सैनी की मौजूदगी में राव इंद्रजीत सिंह ने भरा नामांकन

**निशाने पर**

**8 कांग्रेस सिर्फ खोखली नारेबाजी करती है। कांग्रेस के पास कहने और बताने के लिए कुछ भी नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की नामांकन के लिए आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ खोखली नारेबाजी करती है। कांग्रेस के पास कहने और बताने के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस का काम सिर्फ विरोध करना रह गया है। यहां सिविल लाइन क्षेत्र में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम के लोगों की समस्याओं का समाधान किया है। गुरुग्राम को बदला है। उन्होंने सभी लोगों से राव इंद्रजीत सिंह को 8 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने का आग्रह किया। कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अब चुनाव में कांग्रेस फिर झूठ का सहारा ले रही है। जनता को कांग्रेस की झूठ और लूट की राजनीति से बचना है और बचाना है। 55 सालों से कांग्रेस ने देश के लोगों और किसानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में खड़ा किया, लेकिन नरेंद्र मोदी ने लोगों के साथ न्याय किया और लाइन को खत्म करने का काम किया। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत और नीति दोनों ठीक है। पीएम मोदी ने देश को जोड ? का काम इन दस सालों में किया है। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि 2014 में अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को सबक सिखाया था।नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले का गुरुग्राम भी देखा है और अब 2024 का गुरुग्राम भी सभी लोग देख रहे हैं। गुरुग्राम का कायापलट नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर राव इंद्रजीत सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में गुरुग्राम से दिल्ली जाने में 4 घंटे का समय लगता था, लेकिन आज द्वारका एक्सप्रेस-वे के माध्यम से केवल 15 मिनट में दिल्ली पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से मुंबई जाने में पहले 40 घंटे लगते थे, लेकिन आज केवल 12 घंटे में मुंबई पहुंच जाते हैं।

नायब सैनी ने एम्स का भी जिक्र करते हुए कि कहा कि रेवाड़ी में बनने वाले एम्स से उत्तर भारत के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सभी नेताओं और कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों का वोट न लेने पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने का काम करेगी और लोगों को बहकाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकताओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें और उन्हें 10 साल की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताएं तथा भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं।

### मैं खुश किस्मत हूं मेरे लिए पूरी पार्टी वोट मांग रही हैः राव इंद्रजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम : केंद्रीय** मंत्री एवं गुरुग्राम लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मैनें कभी आप लोगों द्वारा दी गई ताकत का दुरुपयोग नहीं किया। आगे भी जो ताकत आप लोगों द्वारा दी जाएगी, उसका प्रयोग भी देश और प्रदेश की तरक्की के लिए होगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां सिविल लाइन क्षेत्र में अपनी नामांकन जनसभा में बोलते हुए कही। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जो कार्य 10 सालों में नहीं करा पाया, वादा करता हूं कि अगले पांच सालों में पिछले 10 सालों की सारी कसर पूरी कर दूगा। राव इंद्रजीत सिंह ने सीएम नायब सैनी समेत तमाम भाजपा नेताओं और कार्यकताओं का नामांकन के अवसर पर साथ देने के लिए शुकिया अदा किया। राव ने कहा कि मुझे इतनी खुशी है कि भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता आज मेरे साथ है और मेरे लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि 25 मई को पूरे जोश के साथ अपने मत का प्रयोग स्वयं भी करें और दूसरों से भी भाजपा के पक्ष में वोट डलवाएं।विपक्ष के उम्मीदवार के बारे में बोलते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रतिद्वंदी को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए।

# सीएम की मौजूदगी में राव इंद्रजीत सिंह ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से सोमवार को भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनका नामांकन कराने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी भी निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। राव इंद्रजीत सिंह ने निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, आरती राव और पूर्व विधायक जाकिर हुसैन भी मौजूद रहे। ात सिंह नामांकन भरने के लिए जुलूस के साथ जाते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने जुलूस निकालने से परहेज किया। कार्यकताओं, आमजन को सीधे सिविल लाइन स्थित नामांकन जनसभा में ही पहुंचने को कहा गया। वे सादगी से नामांकन दर्ज करके आए। उसके बाद उन्होंने सिविल लाइन में जनसभा में अपनी बात रखी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी समेत तमाम नेताओं ने जनसभा में गुरुग्राम लोकसभा की जनता से राव इंद्रजीत सिंह को चुनाव में विजयी बनाने की अपील की।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में गुरू जम्भेशवर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

# रणजीत चौटाला एक मई को करेंगे नामांकन दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला एक मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने सोमवार को बताया कि नामांकन के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि आदमपुर में हुई विजय संकल्प रैली में रणजीत सिंह ने क्षेत्रवासियों को नामांकन के अवसर पर पहुंचने का न्यौता दिया है। विजय संकल्प रैली के बाद भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला की जीत सुनिश्चित हो गई है।

# चुनाव को लेकर सीएम सैनी व मनोहर के कार्यक्रम तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** लोकसभा चुनाव में प्रचार के साथ-साथ नामांकन में भी भाजपा दूसरी पार्टियों से आगे निकल गई है। कांग्रेस गुरुग्राम में उम्मीदवार की घोषणा करने में उहापोह की स्थिति में वहीं भाजपा ने प्रत्याशियों के नामांकन कराने की प्रक्रिया को शुरू दिया है। भाजपा ने सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल के नामांकन कार्यक्रम तय कर दिए हैं।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। भाजपा ने दस की दस सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल 30 अप्रैल से लेकर 6 मई तक प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों का नामांकन पत्र दाखिल करवाने के साथ-साथ जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल के कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



श्री खरक ने बताया कि मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी एक मई को सुबह दस बजे अम्बाला में भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया का नामांकन पत्र दाखिल करवाएंगे और बाद में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री पुंडरी में दोपहर दो बजे आयोजित जनसभा में भी शिरक्त करेंगे। 2 मई को मुख्यमंत्री सैनी कुरूक्षेत्र में सुबह दस बजे भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल का नामाकंन भरवाएंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी प्रकार 3 मई को सुबह दस बजे सीएम नायब सिंह सैनी रोहतक में डॉ. अरविंद शर्मा का नामाकंन पत्र दाखिल करवा कर जनसभा में शिरकत करेंगे।

**रोडमैप**

**8 30 अप्रैल से 6 मई तक प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम नायब सैनी**

# 'हर राष्ट्रहित के मुद्दे का कांग्रेस करती है विरोध'



**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगरः** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हर राष्ट्र हित के मुद्दों का विरोध करती है। उन्होंने प्रदेश की सभी दसों लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत का दावा किया। मंत्री कंवरपाल ने सोमवार को अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बन्तो कटारिया के समर्थन में जगाधरी शहर में चुनाव प्रचार भी किया। कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर सोमवार को जगाधरी में स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस उम्मीदवार चुनावी मैदान में आने के बाद भी अपनी पार्टी के प्रति निराशा का भाव है। कांग्रेस हर राष्ट्र हित के मुद्दों का विरोध करती है। कांग्रेस के इस रवैये से न केवल जनता स्वयं कांग्रेस भी दुखी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न कोई विजन, न कोई विचारधारा और न ही कोई योजना है। जनता ही कांग्रेस को हरा देगी। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता पार्टी छोड़ कर जा रहे है। आज कांग्रेस को चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जनहित योजनाओं का लाभ सीधा लोगों को मिला है। आज देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, उनके जीवन में आर्थिक परिवर्तन आया है। मंत्री कंवरपाल ने कांग्रेस पर तंज कसा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा तो दिया था लेकिन गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि अंत्योदय योजना के तहत सबका साथ, सबका विकास का कार्य किया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि निश्चिततौर पर अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया रिकार्ड तोड वोटों से जीतेंगी। वहीं प्रदेश की हम सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने जा रहे है।

# पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ एक बार फिर चलाया आप्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा पुलिस द्वारा शनिवार 27 अप्रैल को प्रदेश में बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों पर कार्रवाई करने हेतु ऑपरेशन आक्रमण - 9 चलाया गया। इस दौरान प्रदेशभर में 6161 पुलिसकर्मियों की 1309 टीमों का गठन किया गया एवं इस दौरान आईपीसी, एनडीपीएस, एक्साइज, जुआ अधिनियम और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत 478 मुकदमें दर्ज करके 881 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आप्रेशन आक्रमण के तहत नूह पुलिस ने लगभग 30 वर्ष से लूट के अभियोग में वांछित उद्धोषित अपराधी को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है।



हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पुलिस द्वारा आप्रेशन आक्रमण को चलाने से पूर्व अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों और अवैध शराब की तस्करी सहित राज्य में आपराधिक गतिविधियों बारे जानकारी एकत्र की गई। पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में 6161 पुलिस जवानों की 1309 टीमों ने अपराध को रोकने और अपराधियों की धरपकड़ हेतु 27 अप्रैल को अलसुबह से ही रेड शुरू की गई। यह रेड देर सांय तक चली। हरियाणा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ रेड करते हुए अपराधियों को निशाना बनाया और बेहतर कार्ययोजना के तहत काम किया जिसके अच्छे परिणाम सामने आए। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 28 एफआईआर दर्ज की गई तथा 32 अवैध असले बरामद किए गए। इसी प्रकार , आप्रेशन आक्रमण के तहत महेन्द्रगढ़ के थाना सतनाली क्षेत्र में 391.96 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, 190 डेटोनेटर तथा 750 मीटर वायर जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने अवैध माइनिंग के लिए विस्फोटक पदार्थ सप्लाई करने वाले आरोपियो को गिरफतार किया है। इस मामले में 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसी प्रकार, 3 किलो 149 ग्राम गांजा, 22 ग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम 589 अफीम, 7.80 ग्राम चिट्टा बरामद किए गए।

**सख्ती**

**8 प्रदेश में 6161 पुलिसकर्मियों की 1309 टीमों ने की अलग-2 स्थानों पर रेड, 478 एफआईआर दर्ज**

# दिल्ली जाते श्रद्धालुओं की सोनीपत में कार पलटी, तीन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** पाथरी माता के दर्शन कर दिल्ली जा रहे थे श्रद्धालुओं की इको कार सोनीपत-गोहाना रोड पर गांव करेवड़ी के पास डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिसमें दो महिलाओं व एक बच्ची की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शवों को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। दिल्ली के शाहबाद क्षेत्र के श्रद्धालु इको कार में सवार होकर पानीपत स्थित पाथरी गांव में माता पाथरी वाली के दर्शन के लिए गए थे। दर्शन करने के बाद सोमवार की अल सुबह श्रद्धालु दिल्ली के लिए जा रहे थे। गांव करेवड़ी के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे गए डिवाइडर के पत्थर से टकरा गई। हादसे की आवाज सुनकर वहां पहुंचे लोगों बड़ी मुश्किल फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। इसी दौरान दो महिला और एक बच्ची दम तोड़ चुकी थी। सूचना मिलने पर मोहाना थाना पुलिस मौके पर आई और घायलों को खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। कार में आठ लोग सवार थे। कार की खिड़की काटकर लोगों को बाहर निकाला गया। आगे बैठी एक महिला की वहीं पर ही मौत हो चुकी थी। दो ने बाहर निकालने के बाद दम तोड़ दिया। करीब पांच लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

# लड़कर बुढ़ापा पेंशन तीन हजार तक पहुंचाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज बीजेपी की 18 राज्यों में सरकार है लेकिन हरियाणा को छोड़कर किसी भी अन्य राज्य में 3000 रुपए बुढ़ापा पेंशन नहीं है। उन्होंने कहा कि जेजेपी की सरकार में हिस्सेदारी रहने की वजह से हमने लड़कर हरियाणा में चौ देवीलाल द्वारा शुरू की गई बुढ़ापा पेंशन को 3000 हजार रुपए तक पहुंचाया। सोमवार को दुष्यंत चौटाला हांसी और बवानी खेड़ा में हिसार से जेजेपी लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने विरोधियों पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि हमारे खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले लोगों को ध्यान रखना चाहिए कि जननायक चौ देवीलाल की सेना ने विपरीत परिस्थितियों में हमेशा बेहतर प्रदर्शन करके दिखाए हैं। उन्होंने जेजेपी कार्यकताओं से अपील की कि जेजेपी द्वारा किए गए कामों को ज्यादा से ज्यादा जनता को याद दिला कर विरोधियों के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दें। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि महम की तरफ के गांवों में सेम की भारी समस्या थी, जिसको हमने करोड़ों रूपए की पाईप लाइन बिछा कर सेम के पानी को घग्गर में डलवाने की व्यवस्था कर ठीक करवाया। इतना ही नहीं हिसार लोकसभा को फाटक फ्री करने की योजना को हमने मूर्त रूप दिया और हांसी में भी रेलवे ओवरब्रिज बनाएं हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमारी सत्ता में भागीदारी रहते पिछले चार साल में फसलों का उठान 90-95 प्रतिशत हर रोज होता था, जबकि आज हालत ये है कि उठान 50 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाया है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि हमने पूर्व गठबंधन सरकार के दौरान जो भी कदम उठाए, उससे प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, बीसीए वर्ग के लिए 8 प्रतिशत आरक्षण, राशन डिपो संचालन में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी, मंडियों में किसानों के लिए बेहतर फसल खरीद और उसका समय पर सीधा बैंक खातों में भुगतान, रोड नेटवर्क को मजबूती जैसे अनेक कार्य करके हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाया।

# कार ने मारी टक्कर, स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

जींदः उचाना मंडी के निकट तेज रफ्तार कार ने सोमवार को स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गांव मोहनगढ़ छापड़ा हाल आबाद उचाना मंडी निवासी वजीर अपने गांव के निमार्णाधीन मकान को संभालने गया हुआ था। वापसी के दौरान उचाना मंडी के निकट तेज रफ्तार कार ने उसी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें वजीर गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर कार चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में वजीर को नागरिक अस्पताल उचाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालातों का जायजा लिया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे विकास की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# फरीदाबाद लोकसभा के लिए अधिसूचना जारी, पहले दिन नहीं हुआ नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबादः लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर 10-फरीदाबाद लोकसभा के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के अधिसूचना जारी करने के साथ ही आम चुनाव के लिए नामांकन का कार्य भी शुरू हो गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार हरियाणा प्रदेश की 10 फरीदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज दिनांक 29 मई 2024 को अधिसूचना जारी की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जारी की गई अधिसूचना के प्रारूप-1 में निर्वाचन की सूचना की एक-एक प्रति हिंदी व अंग्रेजी में आम जनता को सूचना के लिए व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए हैं। अधिसूचना के अनुसार फरीदाबाद-10 लोकसभा क्षेत्र का सदस्य निर्वाचित होना है। इसके तहत प्रत्याशी निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी-सहायक रिटर्निंग अधिकारी को 29 अप्रैल 2024 से छह मई 2024 तक अवकाश के दिन को छोडक? कमरा नंबर 108 प्रथम तल, उपायुक्त न्यायालय कक्ष, लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में दिए जा सकते हैं। नामांकन पत्र समीक्षा 7 मई 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने की सूचना या तो अभ्यार्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभ्यार्थी द्वारा जो भी अभ्यार्थी द्वारा लिखित में प्राधिकृत किया गया है वह रिटनिंग अधिकारी-सहायक रिटनिंग अधिकारी उसके कार्यालय में 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे दे सकते हैं। निर्वाचन लड़े जाने की दिशा में 25 मई 2024 को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे के बीच मतदान होगा।

# सरदार निशान सिंह की बड़े दल के साथ आने से कांग्रेस का दबदबा बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानी**

**लोकसभा चुनाव के दौरान जनमत को अपनी ओर** रिझाने की मुहिम में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बड़ा संदेश देने में सफल रहे है। जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह सोमवार को जैसे ही बड़े दल बल के साथ यहां हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस का पटका पहनकर मीडिया के सामने आए वैसे ही प्रदेशभर में यह संदेश चला गया कि कांग्रेस का प्रभाव दिनोदिन बढ़ रहा है।भ ूपेंद्र हुड्डा भी लगातार कह रहे है कि अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होकर यह संदेश दे रहे है कि कांग्रेस हरियाणा में सत्ता में आने वाली है।



हरियाणा कांग्रेस की कमान भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के हाथ है। दोनो के नेतृत्व में पिछले दो साल से अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हों रहे है।

भूपेंद्र हुड्डा इस पर कहते है कि यह कांग्रेस की सत्ता में वापसी का संकेत है।भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। अन्य दलों को लेकर हुड्डा कहते है कि बाकी दल वोट कटुआ है। लोग इनको वोट नही देंगे।भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा और जेजेपी के बीच चल रही नोक झोंक पर हुड्डा ने कहा कि मैने पहले ही कहा था कि मिलीभगत का खेल है।शराब घोटाले और रजिस्ट्री घोटाले की जांच रिपोर्ट का खुलासा क्यों नही किया गया। अन्य दलों के नेताओ और कार्यकर्ताओं के लगातार कांग्रेस में आने से हुड्डा का कद भी बढ़ा है। सके चलते वे हाईकमान से अपनी बात भी मनवाने में सफल रहते है। कुछ नेताओ को लोकसभा चुनाव के टिकट न मिलने के सवाल पर हुड्डा कहते है कि यह पार्टी का फैसला है।

सोमवार को जेजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह के साथ बड़ी संख्या में नेताओ और कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होने से लोकसभा चुनाव के वक्त बड़ा संदेश कांग्रेस के पक्ष में गया है। निशान सिंह के साथ हांसी से 3 बार विधायक रहे अमीरचंद मक्कड़ के पौत्र और जेजेपी के प्रत्याशी रहे राहुल मक्कड़, जेजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे सुरेंद्र लैगा, प्रदेश महासचिव रहे रमेश गोदारा ने भी कांग्रेस का दमन थामा।

पूर्व विधायक रघु यादव के बेटे सृजन यादव और शाहबाद से जेजेपी विधायक रामकरण काला के दोनों बेटों कंवरपाल (जिला पार्षद) और सुकरम पाल (पूर्व पार्षद) ने भी अपने सैंकड़ों कार्यकताओं के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही सैंकड़ों सरपंचों, पूर्व सरपंचों, पार्षदों, पूर्व पार्षदों, ब्लॉक समिति सदस्यों, रिटायर्ड कर्मचारियों ने भी कांग्रेस ज्वाइन की।

जॉइनिंग करने वाले नेताओं की तादाद और कार्यकर्ताओं का उत्साह इतना ज्यादा था कि कांग्रेस कार्यालय में नेताओं को पहनाने के लिए पटके कम पड़ गए।

ACTION INDIA
करनाल, 30 अप्रैल 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# संदीप एवं योगा विशेषज्ञ मनजीत ने शरीर स्वस्थ रखने का मूलमंत्र दिया

## विद्यार्थियों और अध्यापकों के समक्ष शारीरिक जरूरतों और उनके दिनचर्या की पूर्ति किस प्रकार करनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गुरुकुल के जिम्नेजियम हॉल में विद्यार्थियों के समक्ष आयुर्वेदिक विशेषज्ञ संदीप गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों और अध्यापकों के समक्ष शारीरिक जरूरतों और उनके दिनचर्या की पूर्ति किस प्रकार करनी चाहिए। इनप विचारों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने अपना वक्तव्य इस संस्कृत श्लोक में आरम्भ करते हुए कहा कि जिस विद्यार्थी में:- समदोषा, समाग्निद्य समधातुमलक्रियः प्रसन्नात्मनेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्यभिधीयते। अर्थात जिस विद्यार्थी के वातः, पितः, कफ, अग्नि (जहराग्नि) रसादि सात धातु, सम अवस्था में तथा स्थिर रहते हैं, मूल-मूत्र क्रिया ठीक होती है। शरीर की सभी क्रियाएँ समान तथा उचित है



जिसके मन, इन्द्रिय तथा आत्मा प्रसन्न रहे, वह विद्यार्थी स्वस्थ है।उन्होंने विद्यार्थी की दैनिक क्रियाओं के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी को उचित और मौसम के अनुरूप भोजन करना चाहिए। गर्मियों में अधिक भोजन, मात्रा में जल पीना चाहिए, हल्का भोजन, दलिया, सत्तू, खीरे, ककड़ी, नींबू पानी पीकर अपने शरीर का उचित तापमान बढाए रखें। आज कल हमारे देश के विद्यार्थियों में तनाव बढ़ता जा रहा है, इसको दूर करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप में विद्यार्थियों को मजबूत होना चाहिए। हर दिन सुबह उठकर गर्म पानी का सेवन करके अपने दोनों हाथों को देखकर भगवान का धन्यवाद करे। फिर अपने माता-पिता और गुरुजनों की चरण वन्दना

**जागरू किया**

8 उन्होंने विद्यार्थियों को सूर्यमुद्रा, जलमुद्रा, वरुण मुद्रा इत्यादि योगासनों का उचित अभ्यास करवाया

करें।सभी दैनिक कार्य ईमानदारी से करें। क्योंकि जो मानव अपने कार्य ईमानदारी से करते हैं उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। विद्यार्थी के दैनिक कार्यों में संस्कारों का समावेश होना चाहिए।

उचित पौष्टिक भोजन को अपने जीवन में लाएँ जैसे बादाम और दाख इत्यादि तत्वों का सेवन कर अपने मस्तिष्क को मजबूत बनाएँ और अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहें। विद्यार्थी अपने जीवन में मोबाईल से दूर रहें। विद्या प्राप्ति के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भागीदारी रखें।कार्यक्रम में श्री संदीप जी आयुर्वेदिक विशेषज्ञ के वक्तव्य के उपरांत श्री मनजीत जी ने प्राणायाम और योगासनों से विद्यार्थियों को भली-भाँति परिचित करवाकर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सूर्यमुद्रा, जलमुद्रा, वरुण मुद्रा इत्यादि योगासनों का उचित अभ्यास करवाया और उनसे होने वाले लाभ जैसे सरवाईकल, पीठ दर्द, गर्दन दर्द से दूर करने के बारे में बताया। कार्यक्रम के अन्त में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राचार्य श्री सूबे प्रताप ने आयुर्वेद विशेषज्ञ श्री संदीप गुप्ता व योग विशेषज्ञ श्री मंजीत का गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आने पर हार्दिक अभार व्यक्त किया।

# भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल ने सफीदों विधानसभा में जनसंपर्क किया

**वोट की अपील**

8 विधानसभा सफीदों गांव करसिंधु मे सरपंच रविंदर के द्वारा गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने सफीदों विधानसभा में जनसंपर्क किया। विधानसभा सफीदों गांव करसिंधु मे सरपंच रविंदर के द्वारा गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया इसके साथ ही गांव के चौकीदार कर्मवीर को भी सम्मानित किया गया गांव टीटो मैं सरपंच राजेंद्र एवं रघुवीर मास्टर के घर चाय पर चर्चा भी की गई और आने वाले चुनाव को लेकर मोहन लाल बड़ौली द्वारा जनता को जागरूक करते हुए उनसे वोट अपील भी की गई। इसके बाद गांव



बड़ोद में पहुंचने से पहले विभिन्न जगह पर चाय कार्यक्रम किया गया ` उसके बाद जन प्रचार प्रसार कार्यक्रम के दौरान लोगों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया जिससे साफ जाहिर होता है की सफीदों के लोग मोहन लाल बड़ौली का कितना सम्मान करते है । गांव बसीनी में सभा को संबोधित करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने वहां सभी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में अवगत कराया` उन्होंने बताया की देश के 11 करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ मिला है` देश के किसानों को खाते की, बिल की, सिंचाई की और अन्य सभी चीजो की पूरी व्यवस्था प्रदान कराई गई और मोदी सरकार द्वारा ये सुनिश्चित किया गया की किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके साथ ही 53 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया। महिलाओं के लिए भी मोदी सरकार ने लखपति दीदी और उज्वला योजना जैसी अनेक योजनाए चलाई।

# तुलसी पब्लिक स्कूल में वैदिक गणित पर कार्यशाला आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बला शहर के हिसार रोड स्थित तुलसी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वैदिक गणित पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के सभी छात्रों व गणित की अध्यापिकाओं में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की परंपरा के अनुसार सरस्वती मां के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करके हुआ। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन श्री आशीष गुप्ता और श्री विशाल कालिया जी ने गणित की विभिन्न तकनीकों के माध्यम से आसान तरीके से गणित के सवाल हल करने सिखाए। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने बड़ी से बड़ी संख्या को आसान तरीके से गुणा करना, जन्मतिथि पता

**प्रकाश डाला**

~~8 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओ पर प्रकाश डाला~~

करना, शरीर के अंगों का प्रयोग गणित के लिए करना आदि सीखा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैदिक गणित द्वारा गणनाओं में सुधार करना था। कूल डायरेक्टर रीटा मुंजाल ने रिसोर्स पर्सन द्वारा संचालित वैदिक गणित की तकनीकों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं।

# लोकसभा चुनावः अंबाला में नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** लोकसभा चुनाव को अब 1 महीना भी नहीं बचा है। सभी पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कई दिग्गज अपनी जीत का डंका बजाने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। इसी बीच लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी है। निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत नामांकन प्रक्रिया के तहत सभी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल दिन सोमवार से 6 मई दिन सोमवार तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किए जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकता है तथा



नामांकन का कार्य उपायुक्त कार्यालय की कोर्ट रूम में होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी।

जबकि गुरुवार 9 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे तथा इसी दिन बाद दोपहर चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 मई दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होंगे तथा 4 जून दिन मंगलवार को मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग ने 2024 लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए सी-विजिल ऐप अपडेट किया है. इस ऐप की मदद से आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत मिनटों में की जा सकती है और इस पर 100 मिनट के अंदर क्या कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी आप तक पहुंच जाएगी. अगर लोकसभा चुनाव के दौरान आप भी आदर्श आचार

**नामांकन**

8 लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुख्य चुनाव आयोग ने ऑनलाइन तरीके से नामांकन करने की सुविधा इस बार दी है

संहिता उल्लंघन का कोई मामला देखते हैं तो इसकी शिकायत आप अपने मोबाइल के द्वारा आसानी से कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुख्य चुनाव आयोग ने ऑनलाइन तरीके से नामांकन करने की सुविधा इस बार दी है। साथ ही नामांकन भरने के लिए दूसरी अन्य सुविधाएं जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मुहैया कराई जाएगी।

# पाइट के छात्र ने स्वर्ण पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (कुलदीप सिंह )** पाइट के छात्र बीसीए द्वितीय के सोदत्त ने राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स दिल्ली में अयोजित हुई 17वीं राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।डीटीयू दिल्ली में अयोजित हुई आह्वान2024 प्रतियोगिता में पाइट की कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीता। 400 मीटर दौड़ में सोमदत्त ने स्वर्ण पदक जीता। डॉन बॉस्को कॉलेज में अयोजित हुई स्पर्धा 2024 प्रतियोगिता में पाइट की बैडमिंटन डबल्स (अनुराग दत्ता



और गौरव) टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कॉलेज पहुंचने पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. जेएस सैनी, खेल अधिकारी डॉ.बजरंग राणा ने सभी विजेताओं का भव्य स्वागत किया।

# श्रीराम कथा में हुआ राम विवाह, गाये मंगल गीत

**प्रसंग**

8 कथा में कथाव्यास संत तुलसी महाराज (अयोध्या धाम) ने श्री राम विवाह प्रसंग सुनाया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास संत तुलसी महाराज (अयोध्या धाम) ने श्री राम विवाह प्रसंग सुनाया। आयोजक पंडित उमेश पाठक के सानिध्य में अम्बाला से डॉ. विनय गोस्वामी और डॉ. तुलसी सरदाना दंपत्ति ने बतौर मुख्य यजमान श्रीराम कथा का पूजन किया। साथ ही आदित्य सिंगला,अशोक सिंघल,अक्षय सिंघल,अमन सिंगला,अशोक गुप्ता,मोहित गर्ग,विक्की राणा और रामस्वरूप



मित्तल शामिल हुए। प्रवचनों में तुलसी महाराज ने बताया कि वन गमन करते समय ऋषि विश्वामित्र को राजा जनक द्वारा भेजी हुई कुमकुम पत्रिका मिलती है और विश्वामित्र राम-लक्ष्मन के साथ जनकपुरी में राजकुमारी सीता के स्वंयवर में पहुंचते है। जैसे ही माता सीता श्री राम को देखती है तो अपनी दोनों आंखें बंद कर लेती है। सीता स्वयंवर में रखी गई शर्त के अनुसार सभी राजा शिव धनुष पर कोई भी राजा प्रत्यंचा नहीं चढा पाया। जिससे राजा जनक चिंतित हो जाते है और आवेश में राजाओं के बल की कडी भर्तसना करते है। इस पर लक्ष्मण को क्रोध आता है और वो राजा जनक को खरी-खोटी सुनाते है। कथा के बीच-बीच में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा में जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रीराम कथा की आरती में पंडित गोविंद वैद्य,अरुण मिश्र,अरुंजय,बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना,दर्शन पुरी,विनोद सिंगला,विशेष गर्ग,राहुल सिंगला,उमाशंकर और अश्वनी मित्तल सहित सहयोगी, कालोनीवासी और महिलाएं शामिल रहीं।

# उमेश गर्ग बने लायंस इंटरनैशनल के सेकेंड वाईस डिस्ट्रीक गर्वनर

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद :** शाहाबाद निवासी लायन उमेश गर्ग लायंस इंटरनैलशनल डिस्ट्रीक 321 ए-2 की आगरा में आयोजित 2 दिवसीय 31वीं एनुएल डिस्ट्रीक कन्वैंशन में वर्ष 2024-25 के लिए सैकेंड वाईस डिस्ट्रीक गर्वनर नियुक्त हुए है। उमेश गर्ग ने बताया कि उन्होंने गत माह पानीपत में रिर्टनिंग ऑफिसर लायन विनय गर्ग पी.एम.सी.सी. को उन्होंने अपना नामांकन सौंपा। उमेश ने बताया कि इस पद हेतु चुनाव प्रक्रिया 28 अप्रैल को आगरा में हुई। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली के लगभग 160 क्लबों से प्रतिभागियों ने अपने वोट




का प्रयोग किया। कुल 202 वोट पोल हुए। जिसमें से उन्हें 198 पॉजिटिव वोट मिले। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब शाहाबाद की तरफ से उन्होंने इस पद हेतु नामांकन भरा था। उमेश गर्ग ने बताया कि चुनाव मुख्यातिथि इंटरनैशनल डायरैक्टर लॉयन जितेंद्र

**सुशोभित**

8 लायंस क्लब शाहाबाद से पहली बार कोई सदस्य सैकेंड वाईस डिस्ट्रीक गर्वनर के पद पर सुशोभित हुआ है।

चौहान, उत्तर प्रदेश भाजपा महिला अध्यक्षा बबीता चौहान,

डिस्ट्रीक गर्वनर भारत भूषण दुआ, कान्फ्रैंस चेयरमैन रमन गुप्ता, दिनेश दीपक जोशी, विनय गर्ग, चमन लाल गुप्ता, अजय गोयल सहित अनेक पास्ट

डिस्ट्रीक गर्वनर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब शाहाबाद के फाऊंडर एवं पूर्व प्रधान रहे डा. भास्कर गुप्ता ने कहा कि क्लब के लिए यह गौरव की बात है कि लायंस क्लब शाहाबाद से पहली बार कोई सदस्य सैकेंड वाईस डिस्ट्रीक गर्वनर के पद पर सुशोभित हुआ है। लायंस क्लब शाहाबाद के प्रधान राजेंद्र गाबा, रमन गर्ग, रोहित गुप्ता, विजय गर्ग, पवन गौतम, सोमप्रकाश गुप्ता, राकेश अंटाल, पंकज सिंगला, पवन गुप्ता, डा. अभिनव गुप्ता, धनपत्त राय अग्रवाल, प्रिंस, सूर्यश गुप्ता, निपुण गर्ग, संदीप अग्रवाल, कपिल गुप्ता, अभिषेक गौड़ सहित क्लब के सभी सदस्यों ने उमेश गर्ग को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ब्रिगेडियर विकास राय ने गर्ल्स बटालियन का दौरा किया

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अंबाला ने हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी अंबाला का दौरा किया। ग्रुप कमांडर का स्वागत कर्नल संजीव कुमार, शौर्य चक्र और सूबेदार मेजर ऑनरेरी लेफ्टिनेंट आनंद सिंह, सेना मेडल ने किया। ग्रुप कमांडर को हरियाणा के सात जिलों में फैले 25 स्कूलों और कॉलेजों में 1296 कैडेटों के लिए यूनिट द्वारा अपनाए जाने वाले एनसीसी प्रशिक्षण और नामांकन मानदंडों के बारे में जानकारी दी गई।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी का जन्म दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया

**धूमधाम से**

8 मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने अपने विचार रखे गुरु जी के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय उच्च विद्यालय कल्याणा में हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के जन्म दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया तथा श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया व छात्र-छात्राओं



को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया । विद्यालय में इस दिवस को विशेष दिवस के तौर पर मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने अपने विचार रखे , तदुपरान्त यादवेंद्र ने गुरु जी के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला व बच्चों को उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं से अवगत कराया । इस अवसर पर श्रीमती गुरिंदर कौर , श्रीमती सपना , मोहित व डॉक्टर संदीप मौजूद रहे और सब ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये ।

# महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हुआ

## उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** आज महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, माली, बस चालकों और परिचालकों ने भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि न केवल प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए क्षति कारक है अपितु तम्बाकू उत्पाद भी घातक



हैं। उन्होंने वातालर्प के माध्यम से विद्यार्थियों के विचार जाने और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। उन्होंने चालकों, परिचालकों और माली एवं शिक्षकों को अलग अलग जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक माता पिता और अभिभावक अपने बच्चों के व्यवहार पर ध्यान दे और समय समय पर उनके शयन कक्ष का निरीक्षण करें। उनके मित्रों के बारे में जानकारी रखे लेकिन बच्चों के साथ सदैव मित्रवत व्यवहार करके ही हम उनके साथ सहज हो सकते हैं। नशे का शिकार

**जागरूक किया**

8 बच्चों के साथ सदैव मित्रवत व्यवहार करके ही हम उनके साथ सहज हो सकते हैं

हो चुका व्यक्ति भी सामान्य हो सकता है इसके लिए भी हरियाणा सरकार और पुलिस कार्य कर रही है। नशे के तस्करों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर दी जा सकती हैं। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशका एनी फिलिप, प्राचार्या प्रतिमा शर्मा, रमेश चंद, राजेंद्र मदान आदि उपस्थित रहे ।

# लोकसभा चुनाव के रण में मनोहर के सारथी बने हरविंद्र कल्याण

## मनोहर लाल को प्रचंड जीत दिलाने के लिए दिन-रात कर रहे प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा चुनाव** के रण में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के सारथी बने हुए हैं और उनके साथ कदम ताल मिलाकर चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के करनाल लोकसभा क्षेत्र में मनोहर लाल का चुनाव प्रचार इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद बने संजय भाटिया को देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत मिली थी। अब करनाल लोकसभा से स्वयं मनोहर लाल रण में उतरे हैं और अब दावा किया जा रहा है कि मनोहर लाल की इस चुनाव में सबसे बड़ी जीत होगी। मनोहर को प्रचंड जीत दिलवाने के लिए घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण दिन-रात मनोहर के साथ चुनावी रण में उतरे हुए हैं। मनोहर लाल की बड़ी जीत के लिए हरविंद्र कल्याण भी अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। घरौंडा से लगातार दो बार विधायक बने हरविंद्र कल्याण घरौंडा हलके के साथ साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी अच्छी पकड़ रखते हैं और मनोहर लाल की जीत के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार में जुटे हैं। इस सत्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि घरौंडा में ताबड़तोड़ विकास कार्य करवाने से हरविंद्र कल्याण अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने हरविंद्र कल्याण को घरौंडा हलके से दो बार अपना प्रत्याशी बनाया और दोनों बार ही कल्याण विजयी रहे। अब उनका लक्ष्य करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से विजयी बनाना है, जिसके लिए वे दिन रात काम कर रहे हैं।



**करनाल लोकसभा के संयोजक हैं हरविंद्र कल्याण**

भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विधायक हरविंद्र कल्याण को करनाल लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है और हरविंद्र कल्याण अपनी यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। संगठन द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी पर हरविंद्र कल्याण खरा उतरे हैं।

# ग्राम खुखराना में निशुल्क मेडिकल परामर्श एवं जॉच शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः कमाल हुसैनः** श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम खुखराना में मेडिकल जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की ग्रामवासियों की स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भाँति श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा कम्युनिटी हेल्थ सेन्टर, मतलौडा, पानीपत के सहयोग से ग्राम खुखराना में सभी उम्र के लोगो के लिए निशुल्क परामर्श एवं जॉच शिविर का आयोजन किया जिसमें 125 ग्रामवासियों के स्वास्थय की जॉच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। उक्त शिविर में कम्युनिटी हेल्थ सेन्टर, मतलौडा, पानीपत के डॉ नरेश राठी और उनके नर्सिंग स्टाफ, खुखराना, सरपंच प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के राहुल भाद्ववाज, मनीष सैनी, रंजीत एंव बलवन्त भी मौजूद रहें।

## न्यूज फ्लैश

### इंडेजीन लिमिटेड का आईपीओ सोमवार, 06 मई, 2024 को खुलेगा



**नोएडा ।** इंडेजीन लिमिटेड ("कंपनी") ने सोमवार, 06 मई, 2024, 2024 को अपनी इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव समापन तिथि बुधवार, 08 मई, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 03 मई, 2024। ऑफर का प्राइस बैंड रुपए 430 प्रति इक्विटी शेयर से रुपए 452 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 33 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 33 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

इस ऑफर में 7,600 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और 23,932,732 इक्विटी शेयरों ("ऑफर किए गए शेयर") की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है, जिसमें बेचने वाले धारक मनीष गुप्ता द्वारा 1,118,596 इक्विटी शेयर, डॉ. राजेश भास्करन नायर द्वारा 3,233,818 इक्विटी शेयर, अनीता नायर द्वारा 1,151,454 इक्विटी शेयर (मनीष गुप्ता और डॉ. राजेश भास्करन नायर के साथ, "इंडीविजुअल सेलिंग होल्डर"), ग्रुप लाइफ स्प्रिंग के भागीदार के रूप विडा ट्रस्टीज प्राइवेट लिमिटेड (फिग ट्री ट्रस्ट के ट्रस्टी) द्वारा 3,600,000 तक इक्विटी शेयर, बीपीसी जेनेसिस फंड कएसपीवी लिमिटेड द्वारा 2,657,687 इक्विटी शेयर, बीपीसी जेनेसिस फंड आईए एसपीवी, लिमिटेड द्वारा 1,378,527 इक्विटी शेयर और सीए डॉन इन्वेस्टमेंट्स द्वारा 10,792,650 इक्विटी शेयर हैं (सामूहिक रूप से विडा ट्रस्टीज प्राइवेट लिमिटेड, बीपीसी जेनेसिस फंड कके साथ बीपीसी जेनेसिस फंड कएसपीवी, लिमिटेड और बीपीसी जेनेसिस फंड क-अ एसपीवी, लिमिटेड, "इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर" और सामूहिक रूप से इंडीविजुअल सेलिंग शेयरहोल्डर और ऐसे इक्विटी शेयर "ऑफर्ड शेयर" हैं)। इस ऑफर में एलिजेबल एम्प्लॉई ("एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन") द्वारा सदस्यता के लिए कुल मिलाकर 125 मिलियन रुपए तक की संख्या में इक्विटी शेयरों का रिजर्वेशन शामिल है। एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन को घटाकर इस ऑफर को इसके बाद "नेट ऑफर" कहा जाएगा। एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन ("एम्प्लॉई डिस्काउंट") में बोली लगाने वाले एलिजेबल एम्प्लॉई को प्रति इक्विटी शेयर 30 रुपए की छूट की पेशकश की जा रही है।

### टाटा एआईए का सोशल मीडिया कैम्पेन #वोटकरनेकोतैयार शुरू किया



**गुरुग्राम।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने हाल ही में एक बहुत ही अनोखा सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू किया है - #वोटकरनेकोतैयार युवा भारतीयों को, खास कर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए रजिस्टर करने और चुनाव के दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा एआईए ने यह कदम उठाया है।

युवाओं में राष्ट्रीय जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना को जागृत और मजबूत करना, युवाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को सामाजिक समस्याओं के निपटान के लिए उपयोग में लाना इस कैम्पेन का लक्ष्य है। #वोटकरनेकोतैयार कैम्पेन डिजिटल सैवी युवाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

# क्यू एप से पता चलेगी मतदान केंद्रों पर लगी भीड़ का अंदाजाः निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत : कमाल हुसैन**

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत की तुलना में इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक से पहुंचाने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर जिला भर में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों की भी ट्रेनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। अधिकारियों को भी वोट प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को और अधिक जागरूक करने को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया है। वोट के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई पड़ रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इलेक्शन कमीशन ने वोटर इन क्यू नाम से एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित किया जाएगा इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान लिए करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पानीपत शहरी व पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इस ऐप का लाभ उठा सकते है। इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# 'मनोहर और सैनी को जिताने के लिए जुटे रहें कार्यकर्ता'

## करनाल विधानसभा उपचुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता** पार्टी करनाल विधानसभा उपचुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक रेलवे रोड स्थित विधानसभा उप चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं यमुनानगर से विधायक लोकसभा प्रभारी घनश्याम अरोड़ा ने मुख्य रूप से शिरकत की और कार्यकताओं को चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए घनश्याम अरोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की प्रगति और विकास के लिए अहम फैसले लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में विकास की गंगा बही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां जनहितैषी हैं। जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। करनाल से मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को जिताने के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें और सरकार की योजनाओं का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों में जिस तरह से प्रदेश को आगे बढ़ाया और हरियाणा का विकास किया है। कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में समान रूप से विकास करवाया। इसके बाद अब करनाल लोकसभा की जनता मनोहर लाल को करनाल से सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेगी और उप चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल से विधायक बनेंगे। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद, कृष्ण गर्ग, भारत भूषण जुआल, मेघा भंडारी, नवीन बत्रा, जगदेव पाढ़ा, सुनील गोयल, मेहर सिंह कलामपुरा, सुनील गुप्ता, राजेश अग्घी, हरपाल कलामपुरा सहित अन्य मौजूद रहे।



# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हुई मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा : दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल में मॉक ड्रिल में दी आग से बचाव की जानकारी- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ हरियाणा, पानीपत के द्वारा फायर मॉक ड्रिल एवं जागरूकता कार्यक्रम की तरफ से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर स्टाफ एलएफएम अमित कुमार, एलएफएम धर्मवीर सिंह, एलएफएम विनोद डॉ वेर परमीत और सहायक वीरेंद्र ने स्कूल में उनकी उपस्थिति और छात्रों, अध्यापकगण और सहायक कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के बारे में व आग से बचाव के तरीकों के बारे में अवगत करवाया। विद्यार्थियों को मौखिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक विधि द्वारा आग से बचाव के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आग व उनको बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने मॉक ड्रिल के लिए सायरन बजाकर आकस्मिक आगजनी की सूचना दी गई। इस दौरान एलपीजी गैस की गाड़ी में आग लगने की स्थिति उत्पन्न होने पर कैसे निपटा जा सके, सुरक्षा युक्तियों का पालन करने के लिए सरल और आसान दिशानिर्देश साझा किए। उन्होंने अग्निशामक यंत्र की कार्यप्रणाली के बारे में बताया और आग लगने की संभावनाओं के संबंध में क्या करें और क्या न करें? के बारे में भी बताया। कुछ छात्रों को स्वतंत्र रूप से आग बुझाने वाले यंत्रों को संचालित करने के लिए मंच पर भी बुलाया गया था। मॉक ड्रिल कर विभिन्न तरीके का व्यावहारिक प्रदर्शन किया; हम सुरक्षित तरीकों से विस्फोट होने से बचा सकते हैं। स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने बताया कि आग लगने जैसी आपातकालीन स्थिति में दमकल विभाग के हेल्प लाइन नंबर 101 और 112 पर कॉल करके सूचना दें। घबराएं नहीं, धैर्य से काम लें। यह सत्र जानकारीपूर्ण और जीवन-रक्षक कौशल पर एक अनिवार्य सबक साबित हुआ। स्कूल की प्रबंधक समिति ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य यहीं है कि यदि कोई भी आपातकालीन स्थिति आती है तो उससे निपटने के लिए हम तैयार रहें। हमें इस स्थिति में घबराना नहीं चाहिए, बल्कि स्थिति से किस प्रकार निपटा जा सकता है, इसके लिए कार्य करने चाहिए।



# महिला प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः भाजपा जिला कार्यालय के** सभागार में की अग्रवाल समाज की प्रमुख महिलाओं व समाजसेवी संस्थाओं कि महिला प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु शेरा ने की पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी मुख्य अतिथि रहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और पूर्व मेयर अवनीत कौर ने बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया मुख्य अतिथि निर्मला बैरागी ने कहा कि जहाँ भारतीय लोकतंत्र को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है वही महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का सबसे बड़ा राजा कहा गया है उन्होंने कहा कि सर्वहारा वर्ग का यदि उत्थान करना है तो उन्हें देशभक्ति, राष्ट्रवाद और समाजवाद के साथ मुख्य धारा में लाना होगा` भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अन्त्योदय की विचारधारा पर चलते हुए देश में सच्चा समाजवाद स्थापित करने की राह पर चल रही है उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव मद्देनजर भाजपा देश भर में महिलाओं को अपने साथ जोड़ना चाहती है केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों की सरकारों ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और उनके हित को लेकर कई योजनाएं शुरू की हैं यही नहीं अब संकल्प घोषणा पत्र 2024 में देश की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है इसलिए महिला वर्ग को आगामी 25 मई को भाजपा के हक में अधिकतम मतदान करने के लिए गाँव-गाँव और गली-गली जाकर महिलाओं को भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को जीत दिलवाने के लिए जुट जाना चाहिए।

# मनोहर लाल का प्रवास कार्यक्रम 2 मई को गांव कैथ से शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः इसराना विधानसभा** के जनसंपर्क कार्यक्रमों के नियमित पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार मनोहर लाल के प्रवास कार्यक्रम 2 मई 2024 शाम 4:00 बजे गांव कैथ से शुरू होकर परढाना ,खलिला ,अहर, अलुपुर, भंडारी,ओसर मतलोडा ,भालसी,उंटला,खुखराना, सोधापुर सहित 13 गांवो से होकर सोधापुर में समाप्त होंगी। भाजपा नेता सत्यावान शेरा ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री करनाल लोकसभा से सांसद उम्मीदवार मनोहर लाल इन सभी सभी गांवों में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन फूल माला डालकर स्वागत करेंगे सभी भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क यात्रा प्रबंधन के नाते सभी गांवों का दौरा किया।



# 1 मई को समालखा में सभा का होगा आयोजन

**कमेटी की बैठक**

**8 संगठित होकर शोषण, जुल्म व अन्याय-अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करने की अहद लेने का दिन है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**केन्द्रीय श्रमिक संगठन-** आल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) जिला कमेटी पानीपत के बुलावे पर आगामी पहली मई को सुबह 9 बजे गोल्डन पार्क समालखा में एक सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

**विदित रहे यह दिन पूरी दुनिया के मेहनतकश** - मजदूरों को अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु संगठित होकर शोषण, जुल्म व अन्याय - अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करने की अहद लेने का दिन है । पहली मई 1886 को शिकागो शहर के मजदूरों ने 8 घंटे का कार्य दिवस करने की मांग पर एक बडा आंदोलन किया था । जिसे उस वक्त के शासकवर्ग ने कुचलने में पूरी शक्ति लगा दी थी । मजदूरों ने कुर्बानियां दी और दुनिया भर की मालिक परस्त सरकारों ने इस मांग को कानून बना कर पूरा करना पड़ा था। आज हमारे देश के मजदूरों को किन हालातो में काम करना पड़ रहा है? यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। संघर्षों से अर्जित श्रम कानूनों को बदल कर कॉपोरेट प्रस्त बनाने हेतु सरकार चार लेबर कोड ले आई। वेतन कटौती करने, कार्यभार बढ़ाने, अल्प अवधि नियुक्तियां करने , 8 घंटे से 12 घंटे कार्य दिवस करने , छंटनी,तालाबंदी जैसे अनेक श्रमिक विरोधी प्रावधान लाकर संस्था प्रबंधको को तमाम तरह की जवाब देही से मुक्त किया जा रहा है । एक मई को होने वाली इस जनसभा को एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के सचिव कामरेड हरिप्रकाश संबोधित करेंगे। जो मई दिवस के इतिहास व मौजूदा स्थिति पर केंद्रीय श्रमिक संगठन- एआईयूटीयूसी के पक्ष को रखेंगे। इस सभा में अन्य यूनियनों के साथ - साथ कारखाना मजदूर यूनियन समालखा भी अनेक मजदूरों सहित इस सभा में बढ-चढ कर हिस्सा लेगी ।

# आर्य कॉलेज में हुआ पासपोर्ट अवेयरनेस शिविर का आयोजन

**जागरूक किया**

**8 विद्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** की पासपोर्ट सेल द्वारा आज पासपोर्ट अवेयरनेस कैंप लगाया गया। इस कैंप में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों में मुख्यतः तृतीय वर्ष के विद्यार्थी थे। आज के इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में बोलते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। इसके साथ ही जो विद्यार्थी विदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी में अपनी उच्चतर शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं वह विद्यार्थी कॉलेज से लेटर ऑफ रिकमेंडेशन ले सकते हैं। विद्यार्थी किसी भी प्रकार की पासपोर्ट संबंधित सहायता या विदेश में किसी भी विषय पर पढ़ाई करना चाहने वाले विद्यार्थी महाविद्यालय के पासपोर्ट सेल के नोडल अधिकारी डॉक्टर बलकार सिंह या टूरिज्म डिपार्टमेंट के अध्यक्ष प्रो अंकुर मित्तल से किसी भी समय मिल सकते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो अंकुर मित्तल ने पासपोर्ट बनवाने के समय ऑनलाइन फॉर्म भरते करते हुए जो दिक्कत आती हैं, उनको निराकरण करने के लिए उपाय बताएं।

कार्यक्रम के अंत में डॉ बलकार सिंह द्वारा विदेश की यूनिवर्सिटी द्वारा भारत के विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप जैसे कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप और डॉड फैलोशिप इत्यादि पर जानकारी दी। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी को हार्दिक बधाई दी। इस कार्यक्रम में प्रो ललिता, प्रो कोमल और अजमेर सिंह उपस्थित रहे।



# साध्वी प्रतिमा के सानिध्य में मनाया संत आसाराम बापू का अवतरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अंबालाः अंबाला के** पंजोखरा तोपखाना रोड स्थित संत आसाराम बापू आश्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा सत्संग का आयोजन करवाया गया जिसमें बापू की शिष्य प्रतिमा बहन ने सैकड़ो श्रद्धालुओं को सत्संग सुनाया। यह कार्यक्रम आसाराम बापू के 88 में अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया प्रवक्ता ने बताया कि हम जब ब्रह्म ज्ञानी महापुरुष से नाम की प्राप्ति कर लेते हैं। तो उस नाम महाराज की कृपा से हमारे अंदर के काम क्रोध लोभ और मोह नष्ट होने लगते हैं तथा हमारे अंतःकरण में भगवान के दिव्य गुण प्रकट होने लगते हैं जिस कारण हमारा हृदय परिवर्तित हो जाता है। परिणाम स्वरुप हमारा ईश्वर में ध्यान लगने लगता है उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी बापू से मंत्र दीक्षा प्राप्त की है। उनका अनुभव ही न्यारा होता है दूसरी ओर जो पूनम व्रतधारी बापूजी के दर्शन करके ही जल ग्रहण करते हैं।



## संपादकीय

# ईरान-इजराइल संघर्ष और भारतीय

**क्या आ**प जानते हैं कि ईरान और इजराइल के बीच होने वाले संघर्ष सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने वाला है। अगर इन दोनों देशों के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है तो डॉलर में मजबूती आएगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। इससे विश्व में तो मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन भारत में न केवल महंगाई बहुत अधिक बढ़ जाएगी बल्कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। दरअसल, पश्चिम एशिया में तनाव तो उसी समय बढ़ गया था जब हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इजराइल ने गाजा पटटी पर हमास ने तबाड़तोड़ हमले किए। लेकिन जिस तरीके से इजराइल ने 1 अप्रैल 2024 को सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया, उससे पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया । ईरान ने इसकी प्रतिक्रिया इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से सीधा हमला कर दिया। उसके बाद इजराइल ने ईरान पर जवाबी हमला किया। इस संघर्ष के चलते पश्चिम एशिया में तो जबरदस्त तनाव तो है लेकिन इस संघर्ष का असर भारत सहित संपूर्ण विश्व पर पड़ना तय है।

हम यह भलीभांति जानते हैं कि आज अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन जैसे देश अपने हथियारों के व्यापार को चमकाने के लिए किसी न किसी के साथ खड़े हैं। इन देशों की विदेश और रक्षा नीति में यह रणनीति और मंशा होती है कि विश्व में कहीं न कहीं युद्ध चलता रहने चाहिए ताकि उनके हथियारों की आपूर्ति ऐसे देशों में होती रहे और उनके देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बनी रहे। इजराइल व ईरान के बीच युद्ध का इन दोनों देशों पर तो विपरीत असर पड़ेगा लेकिन इन दोनों देशों के बाद इसका सबसे प्रतिकूल असर भारत में कच्चे तेल की कीमतों पर वृद्धि के तौर पर पड़ेगा। आज भारत कच्चे तेल का विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। विश्व को कुल कच्चे तेल का एक-तिहाई हिस्सा पश्चिम एशिया से ही मिलता है। ईरान और इजराइल के बीच चलने वाले संघर्ष के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के कारण परिवहन महंगा हो जाता है और इसका सीधा असर अन्य उत्पादों की कीमतों पर पड़ने लगता है। अगर यह संघर्ष लंबा चला तो डॉलर की स्थिति मजबूत होगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फिलिस्तीन में हमास आतंकी संगठनों को समर्थन देता है और समय-समय पर वह उनकी मदद भी लेता है। ऐसी स्थिति में ईरान इन संगठनों की मदद फारस खाड़ी से खुले महासागर में जाने वाले एक मात्र समुद्री स्ट्रेट को बाधित कर सकता है। और अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर व्यापारिक आवागमन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ना भी तय है। इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है। इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है। इजराइल में लगभग 20 हजार भारतीय रहते हैं। वहां पर साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स, हीरा व्यापारी, स्टूडेंट्स और मजदूर रहते हैं।

# मंगलसूत्र : महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा देने वाला वैवाहिक बंधन

वीरेंद्र बहादुर सिंह

> "दक्षिण भारत में मंगलसूत्र के बीच लक्ष्मीजी के चित्र वाला मंगलसूत्र बनता है। लक्ष्मीजी समृद्धि का प्रतीक होने से कन्या जिस घर में जाती है, उस घर में समृद्धि ले कर जाती है, यह मान्यता होने से लक्ष्मीजी को केंद्र में रखा जाता है। तमिल में मंगलसूत्र के बीच कुंभ की डिजाइन देखने को मिलती है। कुंभ यानी मिट्टी का घड़ा। इसे धन्य-धान्य का प्रतीक माना गया है, इसलिए कन्या को अन्नपूर्णा मान कर ससुराल वाले स्वीकार करते हैं। आंध्रप्रदेश में कन्या को 2 मंगलसूत्र मिलते हैं। एक वरपक्ष देता है तो दूसरा मायके की ओर से मिलता है। परंपरागत मंगलसूत्र सूत्र में दोनों ओर काले मोती और बीच में सोने का पैंडल होता है। अब इसमें अपार डिजाइनें उपलब्ध हैं"

'**मंगल** यानी शुभ और सूत्र यानी बंधन। मंगलसूत्र यानी शुभबंधन।'

मंगलसूत्र की यह व्याख्या संस्कृत साहित्य से आई है। ईसापूर्व चौथी सदी में संपादित संस्कृत ग्रंथ ब्रह्मांड पुराण में ललितासहस्त्र में देवियों के हजार नाम दिए हैं। इसमें जो मंगलम्‌ सूत्रम का उल्लेख है, पति वैवाहिक विधि के रूप में पत्नी के गले में एक बंधन बांधता है, यह रस्म यानी मंगलसूत्र। इस विधि को मांगल्य धारणम्‌ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यह सूत्र धारण करने से शुभ होता है और बुराई दूर रहती है। संस्कृत में लिखे अनुसार, मांगल्य सूत्र से ले कर मंगल धर्मसूत्र, मांगल्य सूत्रम्‌ जैसे तमाम नामों से मंगलसूत्र का उल्लेख होता रहा है। आदिगुरु शंकराचार्य के सौंदर्य लहरी में भी मंगलसूत्र के बारे में लिखा गया है। उस समय मंगलसूत्र का अर्थ शायद आज जैसा नहीं था। मंगलसूत्र यानी कि एक तरह की माला। वह सोने की हो, ऐसा उल्लेख नहीं है। वह रेशम के धागे की हो या फिर अन्य किसी चीज की टिकाऊ माला हो। इतिहासकारों का एक मत यह भी है कि विवाह के समय मंगलसूत्र पहनने के बाद अन्य तमाम चीजों की तरह उसे भी संभाल कर रख दिया जाता था। यह भी कहा जाता है कि भारत में छठी सदी से राजपरिवारों और जमीदारों में विवाह होते समय कन्या को मंगलसूत्र पहनाने की परंपरा शुरू हुई थी।तमाम लोग यह भी मानते हैं कि मंगलसूत्र एक प्रकार के धार्मिक बंधन की तरह पहने जाने वाली चीज है, इसलिए महिलाएं विवाह के बाद मंगलसूत्र पहनती हैं। यह बंधन पुराना हो जाए तो इसे बदला भी जा सकता है। जनेऊ की तरह। सदियों तक मंगलसूत्र का इधर-उधर उल्लेख मिलता है और इसमें खास कुछ स्पष्टता नहीं है। शुरूआत में एक पीले धागे को हल्दी में रंग कर लाल-काली मोतियों का हार बनाया जाता था। विवाह के समय पति के परिवार की महिलाएं, खास कर मां या बहनें कन्या के गले में उस हार को पहना कर घर-परिवार में उसका स्वागत करती थीं। सदियों पहले यह मान्यता थी कि यह सूत्र पहन कर कन्या घर आएगी तो सब शुभ होगा और अमंगल का नाश होगा।

सोना सहित कीमती धातु से मंगलसूत्र कब से बनने लगा, इसका कोई व्यवस्थित इतिहास नहीं है। इसलिए किस सदी से सोने-चांदी का मंगलसूत्र विवाह में कन्या को पहनाना शुरू हुआ, इसे स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता। परंतु सोने-चांदी का



मंगलसूत्र भारत में बहुत बाद में शुरू हुआ है। सदियों पहले मंगलसूत्र यानी हल्दी में रंग कर पवित्र किए गए धागे में गूंथ कर तैयार की गई माला। सिंधु घाटी संस्कृति की खुदाई के दौरान शोधकताओं को मंगलसूत्र की निशानी मिली है। वह मंगलसूत्र आज की तरह भले नहीं था, पर शोधकताओं का मानना है कि प्राचीनकाल में भी भारत में रहने वाली इस संस्कृति की महिलाएं विवाह के बाद गले में मंगलसूत्र धारण करती रही होंगी। पर सही अर्थ में भारत में 15वीं या 16वीं सदी में मंगलसूत्र पति की लंबी आयु के लिए पहनना शुरू हुआ। पर यह गहने के स्वरूप में नहीं था। शादी के बाद महिलाएं साधारण मोतियों की माला बना कर पहनती थीं। समय के साथ मंगलसूत्र विवाहित महिलाओं का सिंबल बन गया। पति का परिवार कन्या को विवाह के समय मंगलसूत्र देने लगा। धनी परिवार कीमती माला का मंगलसूत्र बनवाता है। कन्या की ससुराल कितनी धनी है, यह मायके वालों को मंगलसूत्र से पता चलता है। सहेलियां मंगलसूत्र से जान लेती हैं कि दुल्हन को बहुत पैसे वाला पति मिला है।

भारत में वर्ण व्यवस्था थी, तब अमुक वर्ण में ही कन्या विवाह के समय मंगलसूत्र पहनती थी। तमाम जातियों में ऐसा कोई रिवाज नहीं था। शायद इसके पीछे का कारण आर्थिक भी हो सकता है। मंगलसूत्र बनाने के लिए मोती चाहिए। भारत में ऐसी समृद्धि नहीं थी कि यह सभी जाति वालों को रास आए। परिणामस्वरूप विवाह में मंगलसूत्र काफी समय तक जरूरी गहना नहीं माना जाता था। इस तरह मंगलसूत्र एक धागे से कीमती धातु का गहना बना। इसे लेकर अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग डिजाइनें और मान्यताएं हैं। दक्षिण भारत में मंगलसूत्र के बीच लक्ष्मीजी के चित्र वाला मंगलसूत्र बनता है। लक्ष्मीजी समृद्धि का प्रतीक होने से कन्या जिस घर में जाती है, उस घर में समृद्धि ले कर जाती है, यह मान्यता होने से लक्ष्मीजी को केंद्र में रखा जाता है। तमिल में मंगलसूत्र के बीच कुंभ की डिजाइन देखने को मिलती है। कुंभ यानी मिट्टी का घड़ा। इसे धन्य-धान्य का प्रतीक माना गया है, इसलिए कन्या को अन्नपूर्णा मान कर ससुराल वाले स्वीकार करते हैं। आंध्रप्रदेश में कन्या को 2 मंगलसूत्र मिलते हैं। एक वरपक्ष देता है तो दूसरा मायके की ओर से मिलता है। परंपरागत मंगलसूत्र सूत्र में दोनों ओर काले मोती और बीच में सोने का पैंडल होता है। अब इसमें अपार डिजाइनें उपलब्ध हैं। तमाम परिवारों में सोने से लदा भारी भरकम मंगलसूत्र दिया जाता है, जो विवाह के दिन एक तरह से वरपक्ष की धन-संपदा दिखाने के लिए होता है। एक रूटीन में तिथि-त्योहार पर पहनने के लिए हल्का यानी पतला मंगलसूत्र मिलता है। पूरा सेट एक साथ ही तैयार होता है।

इतिहासकार इस बात से सहमत हैं कि हिंदू विवाह में मंगलसूत्र का कांसेप्ट नहीं था। इसमें सोने-चांदी का मंगलसूत्र तो बहुत बाद में आया। भारत में 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरूआत में बंगाल और दक्षिण भारत के प्रदेशों में मंगलसूत्र हिंदू विवाहों का अभिन्न अंग माना गया। इस बंधन के बगैर विवाह अधूरा माना जाता था। यहां तक कि कुछ जातियों में तो विवाह होने के बाद महिलाओं को हमेशा मंगलसूत्र पहनना पड़ता था। मंगलसूत्र न पहनने पर इसे अशुभ माना जाता था। जिस तरह नाक में सोने-चांदी की कील पहनना सौभाग्य की निशानी है, उसी तरह मंगलसूत्र पहनना भी सौभाग्य का पर्याय बन गया।

कहा जाता है कि उत्तर भारत में मंगलसूत्र की परंपरा बहुत बाद में शुरू हुई। इन इलाकों में विवाह के बाद महिलाएं कंठी पहनती थीं। मंगलसूत्र के बजाय पैरों में पायल-बिछिया और हाथ में चूड़ियों को सौभाग्य का प्रतीक मानती थीं। भारतीय आभूषणों के इतिहास में इतिहासकारों के अनुसार विवाह के बाद दुल्हन मंगलसूत्र पहने यह आधुनिक परंपरा है। सदियों पहले मंगलसूत्र विवाह विधि में अभिन्न हिस्सा नहीं था। इंडियन ज्वेलरी : द डांस आफ पिकोक में डा.ऊषा बालकृष्णन और मीरा सुशील कुमार कहती हैं कि ये आभूषण महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत उपयोगी साबित होते थे। उस समय जब महिलाओं को संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलता था, उस समय सोने के गहने ही उनकी संपत्ति होते थे। अक्सर यह दलील भी दी जाती है कि फिल्मों-टीवी धारावाहिकों की वजह से मंगलसूत्र को लोकप्रियता मिली है और इसमें मार्केटिंग का कांसेप्ट मिला तो विवाह में मंगलसूत्र जरूरी बन गया। इन सभी दलीलों-उदाहरण-थियरी के बीच आज यह हकीकत माननी पड़ेगी कि हिंदू विवाह में मंगलसूत्र केंद्र में है। भारत के अलावा नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका में भी मंगलसूत्र की परंपरा है।

सदियों से हिंदुस्तान के साथ ताल मिलाते हुए यहां तक पहुंचा यह पवित्र शुभ धागा अब राजनीतिज्ञों के दिमाग में चढ़ गया है। अब देखते हैं यह कितना सुरक्षित है।

**विवाह मंगलसूत्र जरूरी नहीं**

एक महिला का मामला मद्रास हाईकोर्ट में पहुंचा था। हाईकोर्ट ने 2009 में अपना फैसला सुनाते हुए कहा था कि हिंदू मैरिज एक्ट के अनुसार विवाह में मंगलसूत्र पहनना जरूरी नहीं है। विवाहित हैं यह दिखाने के लिए महिलाओं को मंगलसूत्र पहनना अनिवार्य नहीं है। मंगलसूत्र न पहनने वाली महिला को जबरदस्ती मंगलसूत्र नहीं पहनाया जा सकता। जस्टिस एम एम सुदेश का यह फैसला देश भर में महत्वपूर्ण माना गया था। इस मामले में मंगलसूत्र न पहनने से पति ने पत्नी को उसके अधिकार देने से मना कर दिया था। 1987 में पुजारी की हाजिरी में विवाह हुआ था। पर मंगलसूत्र नहीं पहनाया गया था, इसलिए पति ने यह विवाह स्वीकार नहीं किया था।

## कविता

### सुख और अवसाद

नदिया, पहाड़ और झरने
सदैव एक से होते हैं
ना बाढ़ से परेशान
ना सुखे से हलाकान,
पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर
नदियों में निर्बाध प्लावन
झरनों में स्निग्धता।
परिस्थितियों भी
मौसम की तरह है
कभी सावन, कभी
भादो,कभी आषाढ़
कभी भयानक सूखा
कभी भयानक बाढ़,
हे मनुष्य,
जीवन तो जीवन है
तेरा,मेरा नहीं सबका है,
क्यों ना हम निस्पृह रहें,
इन पेड़ों और पत्तियों
टहनियों की तरह
ना बारिश से परेशान
ना पतझड़ से हैरान।
सुख और आनंद
दुख और अवसाद
चाहत का अतिरेक
स्पृहा का मोहपाश
मोह के मायाजाल

संजीव

## नागरिकों के अधिकारों का भी सम्मान करें

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**हरियाणा** से सटे पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन के पास किसानों के रेल रोको आंदोलन का असर बढ़ता चला जा रहा है और आंदोलन से प्रभावित रेलगाड़ियों की तादाद भी बढ़ती चली जा रही है। अंबाला-लुधियाना रेल खंड पर शंभू रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे लाइनों पर 17 अप्रैल से बैठे किसानों की वजह ये रविवार 28 अप्रैल तक यानी 12वें दिन 2205 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो चुका है। इसमें से 955 ट्रेनों को पूर्ण रूप से रद्द किया है, जबकि 1067 को बदले मार्ग से और 181 ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द करके पुनः चलाया गया है। इस दौरान 200 के करीब मालगाड़ियों को भी मुख्य लाइन से गंतव्य तक भेजा गया। वहीं कुछ ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। मुसाफिरों को बढ़ती तपिश के बीच भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के रद्द होने से रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है, हालांकि मुख्यालय स्तर पर अभी इसका आकलन किया जा रहा है ऐसे में सवाल यह है कि आखिरकार अपनी मांगें मंगवाने के लिए आम नागरिकों को परेशानियों में डालना कहां तक उचित है? क्यों किसानों और सरकार के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बन रही? क्या किसानों की मांगें अनुचित हैं? क्या आंदोलनकारी किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीतिक निशान लगा रहे हैं? लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने नागरिकों बात कहने और रखने की स्वतंत्रता देती है। लेकिन ये छूट या स्वतंत्रता जब स्वच्छंदता में बदल जाती है, तो निरंकुशता को दौर शुरू हो जाता है। जिसके नतीजे विनाशकारी होते हैं। अब जरा सोचिए किसान आंदोलनकारियों के चलते जो यात्री ट्रेन रूट से यात्रा कर रहे हैं, उन्हें कितनी मुसीबतें दरपेश आ रही होंगी। ट्रेन संचालन बाधित करना ही अगर आंदोलनकारी अपनी सफलता मानते हैं, तो वो किसी गफलत में हैं। सरकार राजस्व का नुकसान होगा, वो आज नहीं तो कल आम आदमी के जेब से वसूला जाएगा। आंदोलन हो या फिर सरकारी घाटे की भरपाई दोनों ओर आम आदमी ही पिसा जाएगा। किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं। किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। किसानों की मांगें पूरी हो जाती तो सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देश काल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिए टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है।

## विचार

# कठिन परिस्थितियां बताकर नहीं आतीं

संजीव

**जीवन** में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊजार्वान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊजार्वान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए' मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्त्रोत होता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# काम और पढ़ाई में संतुलन कैसे बनायें

विजय गर्ग

**पढ़ाई के** साथ-साथ काम करना कोई नई अवधारणा नहीं है। यह अवधारणा पश्चिमी देशों में काफी समय से सफल रही है लेकिन हमारे देश में यह एक नई अवधारणा है। पश्चिमी देशों में लगभग 60% छात्र ऐसे हैं जो अपनी ' शिक्षा का खर्च स्वयं उठाते हैं। हालाँकि आपकी उच्च शिक्षा फीस की पूरी राशि का योगदान करना संभव नहीं है, फिर भी पढ़ाई के दौरान काम करने से एक छात्र को अपनी शिक्षा में कम से कम कुछ योगदान करने में मदद मिल सकती है। हालाँकि यह कई लोगों के लिए बड़ी रकम नहीं हो सकती है, फिर भी इसमें शामिल आनंद और संतुष्टि की मात्रा अन्य सभी तथ्यों पर भारी पड़ती है। पढ़ाई के दौरान काम करना दो तरह से हो सकता है: कॉलेज में कार्य-अध्ययन का विकल्प अंशकालिक नौकरी पहला विकल्प कार्य-अध्ययन कार्यक्रम को चुनना है। यदि आप किसी कार्य-अध्ययन कार्यक्रम में भाग लेते हैं तो आप परिसर में प्रदान की गई अपनी सेवा के लिए धन और प्रति घंटा वेतन प्राप्त कर सकते हैं, जो आपकी क्षमता के आधार पर किसी भी सीमा तक हो सकता है।

कार्य-अध्ययन के लिए कई अलग-अलग अवसर हैं, इसलिए छात्रों के लिए उनके विषय से संबंधित कुछ खोजने का अच्छा मौका है। छात्रों को या तो कॉलेज या विश्वविद्यालय, किसी राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय सार्वजनिक एजेंसी द्वारा नियोजित किया जा सकता है; एक निजी गैर-लाभकारी संगठन; या एक निजी लाभकारी संगठन। ऐसी भी संभावना है कि छात्रों को सामुदायिक शिक्षण कार्यक्रमों के लिए काम करने के लिए कहा जा सकता है जो कुछ कमाई के अनुभव के साथ-साथ कुछ प्रकार की आंतरिक संतुष्टि भी देते हैं। पढ़ाई के दौरान कमाई का एक अन्य विकल्प ऑफ-कैंपस अंशकालिक या पूर्णकालिक नौकरी हो सकता है। हालाँकि पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्र पूर्णकालिक नौकरी के लिए नहीं जा सकते हैं, फिर भी वे अंशकालिक नौकरी का प्रबंधन कर सकते हैं जो इन दिनों युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है।

## जाति और सामाजिक स्थिति: जाति की गंध

डॉ. सुरेश कुमार

**इस बात की** सच्चाई है कि हर इंसान अपनी जाति और सामाजिक स्थिति के साथ पैदा होता है। और जैसे ही वह इंसान बनता है, उसके साथ उसकी जाति और समाज की गंध भी आती है। यह गंध उसके चारों ओर अपने प्रभाव को बिखेरने लगती है। लोग उसे अपना बनाने की कोशिश करते हैं, उसे अपने नेता बनाने का प्रयास करते हैं। राजनीतिक धुरंधरों ने इस गंध का लाभ उठाया और लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए इस्तेमाल किया। वे अपनी जाति की गंध को फैलाते हुए, लोगों को बहका देते हैं, ताकि उन्हें अपने वश में कर सकें। राजनीतिक बाजार में, इस गंध की जगह अर्थशास्त्रियों की जगह गंधविद्या का काम करता है। लेकिन यहाँ की सच्चाई यह है कि कुछ लोग अपनी जाति या समाज की गंध के बिना ही उसी तरह से बड़े और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनके पास कोई विशेष गंध नहीं होती, फिर भी वे लोगों को प्रभावित करने में सक्षम होते हैं। उनका मान लेना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपना मानना शुरू हो जाता है।

राजनीतिक धुरंधरों के लिए यह सच्चाई स्वीकार करना मुश्किल है। वे चाहते हैं कि लोग उनके बिना गंध के भी उन्हें मानें, लेकिन इस बहुजातीय समाज में, उनके खुद की जाति या समाज के लोगों के लिए ही कुछ होना चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि जो लोग अपनी जाति या समाज की गंध को छोड़कर आगे बढ़ते हैं, वे ही अक्सर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनकी गंध का कोई स्थान नहीं होता, लेकिन वे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम होते हैं। जातीय गंध में इतनी आकर्षण शक्ति होती है कि उससे कुछ भी हो सकता है। लोग अपनी जाति के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए उस गंध का इस्तेमाल करते हैं। और जैसे ही वे उन्हें अपने बनाते हैं, उनका सीना गर्व से फूल जाता है। यह गंध इतनी शक्तिशाली होती है कि लोगों को अपने पड़ोस में रहने वाले भी उस गंध की दुर्गंध महसूस होती है। देश में जातिवाद का अभिशाप इतना है कि यहां लोगों की पहचान उनकी जाति के आधार पर होती है। यही कारण है कि जातिवादी लोगों की आवाज और गुणों को बढ़ावा मिलता है, जबकि वहां दूसरे क्षेत्रों के लोगों को अनदेखा कर दिया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनाव नामांकन के पहले दिन तीन उम्मीदवारों ने किया अपना नामांकन दाखिल

**सोनीपत: लोकसभा आम** चुनाव-2024 की नामांकन प्रक्रिया सोमवार से आरंभ हो चुकी है। जिला में पहले दिन लोकसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। इन उम्मीदवारों में पहला उम्मीदवार गढ़ी ब्रह्मदणान के रहने वाले दीक्षित है, जिन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दर्ज करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूसरे उम्मीदवार अशोक विहार सोनीपत के रहने वाले बलबीर ने सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया(कम्युनिस्ट) पार्टी के उम्मीदवार के तौर अपना नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि तीसरे उम्मीदवार सरस्वती विहार सोनीपत के रहने वाले राकेश धारीवाल ने राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल करवाया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनको शपथ भी दिलाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। ये नामांकन 06 मई (05 मई रविवार को छोडकर) प्रातः 11:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 102 मे दर्ज करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया 07 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 09 मई को कोई भी नामांकन वापिस लिया जा सकता है। 25 मई को वोटिंग होगी और 04 जून को मतगणना की जाएगी।

### बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : विपिन कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। पीएमश्री राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक अध्यापकों के एफएलएन प्रशिक्षण के दूसरे चरण में तीसरे दिन जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने प्रशिक्षण कार्यशाला में हो रही गतिविधियों को जांचा। विपिन कुमार ने कहा कि अध्यापक खेल खेल में नए-नए तौर तरीकों से शिक्षण कार्य करवाएं। नई-नई गतिविधियों के माध्यम से अध्यापक सरल व प्रभावित तरीके से शिक्षण कार्य करवा सकता है। सरकारी विद्यालय के बच्चों का भविष्य पूर्णतः अध्यापक पर ही निर्भर है, इसलिए अध्यापकों को मेहनत से शिक्षण कार्य करवाना चाहिए। ब्लॉक नोडल अधिकारी बीईओ सीमा मदान ने प्रशिक्षण कार्यशाला का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूल के प्रत्येक बच्चों को निपुण बनाना है। सभी अध्यापक इस मिशन को पूरा करने का अपना अथक प्रयास करें।

### मसूरी में घूमने निकले तीन दोस्तों की कार गहरी खाई में गिरी, तीनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: उत्तराखंड के मसूरी** में घूमने निकले गन्नौर क्षेत्र के तीन लोग कार हाथी पांव रोड के पास कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीनों लोगों की मौत हो गई। मृतक 45 वर्षीय विकास त्यागी गांव बड़ी, 50 वर्षीय राजपाल गांव शाहपुर तगा व 40 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ बबलू प्रधानावास मोहल्ला, बादशाही रोड के रहने वाले थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने एक शव को कार से बाहर निकाला जबकि दो शव कार से बाहर बरामद हुए। इसके बाद एसडीआरएफ टीम ने तीनों शव स्थानीय पुलिस को सौंप दिए। पुलिस ने हादसे के सूचनों तीनों मृतकों के स्वजन को दी। सूचना के बाद तीनों मृतकों के घरों में मातम पसर गया। जिसके बाद वह स्थानीय अस्पताल में पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव उनके स्वजन के सुपुर्द किए जाएंगे। गांव बड़ी के रहने वाले मृतक विकास त्यागी, शाहपुर तगा के रहने वाले राजपाल व प्रधानावास मोहल्ला के रहने वाले ओमप्रकाश उर्फ बबलू तीनों प्रोपर्टी डीलिंग का काम करते थे। उनका गन्नौर के डिवाइन सिटी में प्रोपर्टी डीलिंग का कार्यालय था। वहीं राजपाल की जीटी रोड पर जूतों की दुकान भी है। तीनों शनिवार को हरिद्वार व मसूरी में गए थे। सोमवार की सुबह उनकी कार मसूरी के हाथी पांव रोड के पास गहरी खाई में जा गिरी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधंन संयंत्र की बढ़ाएं क्षमता: अभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। नगर निगम आयुक्त** एवं करनाल कलस्टर हैड अभिषेक मीणा ने सुगम स्वच्छता एजेंसी को शेखपुरा स्थित ठोस अपशिष्ट्द प्रबंधन संयंत्र की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि इस कार्य को जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने बताया कि आगे बरसाती सीजन आने वाला है, उससे पहले अधिक से अधिक संख्या में कूड़े-कचरे का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि गारबेज ट्रांसपोर्टेशन के लिए व्हीकल की संख्या बढ़ाई जाए। कचरे का परिवहन और उसका निस्तारण, दोनो उचित तरीके से करना सुनिश्चित किया जाए। प्रोसेसिंग कार्य में निकले इन्अर्ट, आर.डी.एफ. व कम्पोस्ट का भी समय पर उठान करवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश उन्होंने सोमवार को हुई करनाल कलस्टर की मासिक समीक्षा बैठक में सुगम स्वच्छता एजेंसी को दिए।

**प्रभावी तरीके हो घर-घर से कूड़ा उठान कार्य-** निगमायुक्त ने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि घर-घर से कूड़ा उठान का कार्य प्रभावी तरीके से किया जाए, ताकि उसे शत प्रतिशत करने के सफल परिणाम सामने आ सकें। इसके लिए उन्होंने पुख्ता कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि कॉलोनियों में टिप्पर जाने का समय निश्चित रहे, ताकि घरों से निकलने वाला कचरा बाहर सडक पर न आए।

**कूड़े को पृथक्करण करने पर फिर दिया जोर-** हर घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र किया जाए, इस बात पर आज की समीक्षा बैठक में फिर से जोर दिया गया। कूड़ा एकत्र करते समय नागरिकों को गीला व सूखा कचना अलग-अलग देने के लिए रोजाना कहें। उन्होंने इस काम को करने के लिए एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर अपने कर्मचारियों को ट्रैनिंग देते रहें, ताकि कूड़ा एकत्रीकरण करते समय वह नागरिकों को जागरूक कर सकें। उन्होंने नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम को भी निर्देश दिए कि वह भी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलाते रहें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को एक मुहिम में लेकर किया जाए, तभी सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

**एजेंसी आई.सी.सी.सी. से कनैक्ट करे सिस्टम-** उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह अपने तमाम सिस्टम को आई.सी.सी.सी. यानि इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कनैक्ट करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड व आई.सी.सी.सी. की टीम के साथ बैठक कर जल्द इस कार्य का करें।

वाहनों की आवश्यकता को जल्द करें पूरा- उन्होंने निर्देश दिए कि एजेंसी कूड़ा ढोहने वाले वाहनों की आवश्यकता को जल्द पूरा करे। उन्होंने बताया कि गत मासिक बैठक में एजेंसी ने 15 अप्रैल तक 10 नए टिप्पर आने की बात कही थी, परंतु वह अभी तक नही आए। उन्होंने एक सप्ताह का समय देते एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि इसके बाद पैनल्टी लगवाने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि अभी से ही नए टिप्परों के रूट प्लान तैयार कर लिए जाएं।

**प्लांट पर शेड का करें निर्माण-** उन्होंने प्लांट परिसर में फ्रेश वेस्ट के लिए शेड निर्माण करने के एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से बरसाती सीजन में प्रोसेसिंग का कार्य बिना रूके चलता रहेगा। इसके साथ-साथ उन्होंने कच्चे रास्ते को पक्का करने तथा बरसाती पानी निकासी की ड्रेन बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्लांट में कार्यरत सभी कर्मचारियों की सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा जाए। प्लांट में फायर सेफ्टी के भी सभी इंतजाम पूरे होने चाहिएं तथा प्लांट परिसर में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे चालू हालत में रहने चाहिए।

61 नए बल्क वेस्ट जेनरेटर्स को नोटिस किए जारी- निगमायुक्त ने बताया कि सफाई शाखा की ओर से चिन्हित नए 61 बल्क वेस्ट जेनरेटर्स को गीले कचरे की अपने परिसर में ही प्रोसेसिंग करने के नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें निगम क्षेत्र में आने वाली रिहायशी सोसाईटी के अतिरिक्त होटल, ढाबे व रेस्टॉरेंट इत्यादि शामिल हैं। इससे अलग 20 पहले से ही बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में शामिल हैं। निगमायुक्त ने मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि वह सभी रिहायशी सोसाईटी का दौरा कर गीले कचरे का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें तथा उनकी कम्पोस्ट पिट को भी चेक करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसा न करे तो उसका नियमानुसार चालान किया जाए। उन्होंने जानकारी दी गई कि कूड़ा उठाने को लेकर किसी भी नागरिक को कोई शिकायत है, तो वह उक्त एजेंसी के टोल फ्री नम्बर-1800 891 1863 के साथ-साथ नगर निगम के टोल फ्री नम्बर-1800 180 2700 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### 'प्रकोष्ठ को प्रभावी एवं क्रियाशील बनाने के लिए किया विस्तार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा चिकित्सा** प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.विजय दहिया ने प्रदेश में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ को और अधिक प्रभावी एवं क्रियाशील बनाने हेतु जोनल स्तर एवं जिला स्तर पर प्रभारी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किये हैं। डॉ.विजय दहिया ने बताया कि दक्षिण जोन का प्रभारी प्रदेश सह संयोजक डॉ प्रदीप पोसवाल को, मध्य जोन का प्रभारी प्रदेश सहसंयोजक डॉ. संजीव माडिया को एवं उत्तरी जोन का प्रभारी प्रदेश सह संयोजक डॉ. ऋषि पाल सैनी को बनाया जाता हैं।

## देश में कांग्रेस का नामोनिशान भी नहीं रहेगा: बिशंभर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के कस्बा** घरौंडा में हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री बिशंभर वाल्मीकि ने कांग्रेस पर तंज कसा और कांग्रेस में भाजपा के कारण पैदा हुए डर का भी खुलासा कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तरह-तरह की बातें फैला रही है। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा है कि भाजपा आ गई तो संविधान बदल देगी, संविधान को खत्म कर देगी और मैं बताना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी आई तो कांग्रेस को डर है कि उनका नामोनिशान नहीं रहेगा और इसलिए संविधान को खत्म करने जैसी बातें फैलाई जा रही हैं। कांग्रेस अपना भविष्य देख रही है। वे जानते हैं अगर नरेंद्र मोदी आए तो देश और प्रदेश में कांग्रेस का नाम लेने वाला कोई नहीं बचेगा। राज्यमंत्री बिशंभर वाल्मीकि घरौंडा में डॉ. बीआर अंबेडकर शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति हरियाणा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान अमित वाल्मीकि ने खुले मंच से शिक्षा के हालातों के विषय में अपनी बात रखी है। किस जगह पर क्या कमी है, उसको लेकर समिति से बात की जाएगी, अगर कहीं पर कोई त्रुटि पाई जाती है तो शिक्षा मंत्री से पत्र व्यवहार किया जाएगा और शिक्षा मंत्री से बात करके कमियों को दूर करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताया। कांग्रेस में अब कुछ बचा नहीं है। कांग्रेस को लोकसभा चुनावी मैदान में उतारने के लिए कोई प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। अंतिम क्षणों में कैंडिडेट उतारे गए हैं। कांग्रेस के कैंडिडेट करनाल में पूर्व सीएम मनोहर लाल का मुकाबला नहीं कर पाएगा। भले ही दिव्यांशु बुद्धिराजा पंजाबी चेहरा हो या फिर नौजवान हो, लेकिन तय समाज करेगा और जनता करेगी। केंद्र और प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं और उनको भुलाया नहीं जा सकता। फिर से नरेंद्र मोदी पीएम होंगे और हरियाणा की सभी दस सीटों पर कमल खिलेगा। कुलदीप बिश्नोई और अनिल विज की नाराजगी के सवाल पर राज्य मंत्री ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है।


### समस्याओं को लेकर सचिव से मिले किसान व आढ़ती



**गन्नौर। गेहूं खरीद** का सीजन शुरू होने की वजह से गन्नौर अनाज मंडी में सरसों की खरीद को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया था। गेहूं की आवक अब कम होने के बाद शनिवार से सरसों खरीद करनी फिर से शुरू की जा चुकी है, लेकिन हैफेड के अधिकारियों द्वारा सरसों की जांच मंडी की अपेक्षा गोदाम पर जाने के बाद करने की बात कही जा रही है। ऐसे में आढ़तियों ने सोमवार को किसानों की सरसों की फसल को खरीदना बंद कर दिया। आढ़तियों की मानें तो गोदाम पर जाने के बाद यदि उनके द्वारा खरीदी गई सरसों रिजेक्ट कर दी जाती है तो उन्हें भारी नुकसान होगा। वहीं सरसों की कमर्शियल खरीद न होने से किसानों के सामने भी समस्या पैदा हो गई। जिसके चलते सोमवार को फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष नीरज त्यागी व किसान मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग से मिले। फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र गोयल व किसानों ने अपनी समस्या सचिव के समक्ष रखी। दोनों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि सरसों की फसल की जांच मंडी में ही होगी।

## 13 दिन पहले छोड़ी थी पार्टी, चार माह पहले भी खंगाला था रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। पूर्व भाजपा नेता** मनोज वधवा के घर पार्टी छोडने के 13 दिन बाद ही ईडी ने दस्तक दी है। सेक्टर-32 स्थित उनकी फैक्टरी में टीम पहुंची, जहां परिवार के लोगों से बातचीत की गई। यहां करीब एक घंटे तक ईडी की टीम रूकी। बताया जा रहा है कि कोई नोटिस देने के लिए टीम करनाल पहुंची थी। उल्लेखनीय है कि चार माह पहले भी ईडी की टीम ने मनोज वधवा के निवास स्थान सेक्टर 13 व सेक्टर 32-33 में दस्तावेज खंगाले थे। भाजपा छोडने के बाद चर्चाएं थी कि मनोज वधवा कांग्रेस में जा सकते हैं और कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा के सीएम नायब सैनी के सामने विधानसभा का उपचुनाव लड़ सकते हैं। करीब चार महीने पहले मनोज वधवा के सेक्टर-13 स्थित आवास पर ईडी का छापा पड़ा था। इस दौरान भी ईडी ने दो दिनों तक पूरा रिकॉर्ड खंगाला था। पहले दिन उन्होंने सेक्टर-13 और दूसरे दिन सेक्टर 32-33 में मनोज वधवा के दूसरे मकान पर रेड की थी। वहां पर भी रिकॉर्ड चेक किया गया था और परिवार के लोगों से भी पूछताछ की गई थी, लेकिन उसके बाद इडी ने कुछ स्पष्ट नहीं किया था कि आखिर रेड के दौरान मिला क्या है यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता मनोज वधवा एक बिजनेसमैन और माइनिंग का काम भी करते हैं। मौजूदा समय में उनका यमुनानगर में खनन का कारोबार है। वह 2013 से 2018 तक नगर निगम के डिप्टी मेयर रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने 2014 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ करनाल विधानसभा से इंडियन नैशनल लोकदल की टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। मगर इस चुनाव में वह जीत हासिल नहीं कर सके थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के सर्मथन से भाजपा मेयर रेनू बाला गुप्ता के खिलाफ भी मेयर का चुनाव लड़ा था, लेकिन उसमें भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव हारने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अगुआई में भाजपा का दामन थाम लिया था और बीती 17 अप्रैल को उन्होंने भाजपा को अलविदा कह दिया था।

## 7 मई से शुरू की जाएगी कि किसान यात्रा, बैठक कर किया निर्णय

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**



**सोमवार को भारतीय** किसान नौजवान यूनियन की खरखौदा ब्लॉक की बैठक गोरड़ गाँव में समुद्र तोमर की अध्यक्षता व गोहाना ब्लॉक की बैठक शामड़ी गाँव में वीरेंद्र खोखर की अध्यक्षता में हुई। इन बैठकों में 13 फरवरी से शम्भू व खनौरी बोर्डरों पर चल रहे किसान आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठकों में निर्णय लिया गया 7 मई से किसान यात्रा शुरू की जाएगी। उसमें हरियाणा के कोने-कोने में जाकर किसानों को जागरूक व एकजुट करेगी। इस यात्रा के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह 13 फरवरी से शुरू हुए आंदोलन में सरकार ने किसानों पर जुल्म करे और 2014 से पहले करे गए तमाम वायदे सरकार ने पिछले 10 साल में पूरे नहीं करे।

## आज कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :आम आद**मी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को पिहोवा विधानसभा के गांवो में चुनावी यात्रा शुरू की। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा सुबह नौ बजे गांव गुमथला गढ़ू से शुरू की और शाम सात बजे भट्माजरा में समाप्त की। उनके साथ पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सैनी, मनदीप सिंह चट्ठा, , रघुवीर सिंह चट्ठा, ओमप्रकाश गुर्जर, गेहल सिंह संधू, बिरभान, राकेश बुधवार, करण चट्ठा, जसमेर, अमरीक सिंह, पदम सिंह, रिंकू थाना, सुरेश थाना, इंद्रजीत सिंह, मक्खन सिंह लबाना, हरमन सिंह विर्क, हरप्रीत चीमा और जगदीश राठी मुख्य तौर पर मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि 30 अप्रैल को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह कुरुक्षेत्र दौरे पर पहुंचेंगे। थानेसर स्थित चुनावी कार्यालय और रादौर में जनसभा को संबोधित करेंगे।डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि मैंने संसद में रहते हुए पीएम मोदी की आंखों में आंखें डालकर उनकी नीतियों का विरोध किया था। जिस कारण मैं तीन बार सस्पेंड हुआ। उसके बावजूद उनसे डरा नहीं और दबा नहीं जनता की आवाज उठाता रहा। मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि संसद में मुखर होकर क्षेत्र की बात रखूंगा और क्षेत्र का विकास करवाऊंगा। भाजपा ने जो भी काम आधे अधूरे छोड़ रखे हैं जल्द से जल्द सारे काम पूरे करवाऊंगा।उन्होंने कहा कि बीजेपी का कुरुक्षेत्र से एक डरा हुआ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है। बीजेपी को कोई प्रत्याशी नहीं मिला तो नवीन जिंदल को ईडी का डर दिखा कर उम्मीदवार बना दिया। जिस व्यक्ति को खुद बीजेपी ने कुरूक्षेत्र की धरती पर कोयला चोर कहा, उसे ही कुरुक्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी बना दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी आवाज नहीं उठा सकता वो कुरुक्षेत्र की जनता की आवाज क्या उठाएगा। आज कुरुक्षेत्र की जनता को मजबूर उम्मीदवार नहीं मजबूत उम्मीदवार की जरूरत है।उन्होंने कहा कि यदि देश का प्रधानमंत्री झूठ बोल तो जनता किस पर विश्वास करे। ये वही प्रधानमंत्री मोदी है जिसने हर खाते में 15 लाख रुपए, किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था और 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के सभी वादे जुमला निकले। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तानाशाह सरकार ने किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और किसानों पर गोलियां चलाई। पीएम मोदी ने किसानों से एमएसपी का वादा किया था और बाद में पलट गए। पूरी दुनिया ने देखा कि किसान सवा साल बॉर्डर पर बैठे, जहां 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। तब पीएम मोदी ने माफी मांग कर वो कृषि कानून वापस लिए थे।

## नशे के अवैध ठिकानों का पता कर करें कार्रवाई :अखिल पिलानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। एनकोर्ड (नारको** कोआर्डिनेशन) की जिला स्तरीय बैठक आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें संबंधित अधिकारियों को उन ठिकानों की विशेष तौर से पहचान कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये जहां बच्चे नशा सप्लाई के गैर कानूनी धंधे में शामिल हैं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से जानकारी दी गई कि जागरूकता कार्यक्रमों के तहत 12 गांवों में शिविरों का आयोजन किया गया और नशे के आदी 200 लोगों की पहचान की गई। इनमें से 121 का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करनाल में एटीएफ (एडिक्शन ट्रीटमेंट फेसिलिटी) सेंटर मंजूर हो चुका है। इसके लिये जल्द सरकार द्वारा स्टाफ नियुक्त किया जायेगा। शैक्षणिक संस्थानों में नशे की रोकथाम के लिये उठाये जा रहे कदमों के बारे में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि हाई और सीनियर सेकंडरी स्कूलों में इसके लिये समय-समय पर निबंध लेना, पोस्टर मेकिंग, रैली आदि का आयोजन किया जाता है। अतिरिक्ति उपायुक्त ने डीईओ को इस बात का पता लगाने के निर्देश दिये कि क्या प्रेमनगर और रामनगर के कुछ स्कूली बच्चे नशे के अवैध धंधे में लिप्त हैं? जिला न्यायवादी ने बताया कि पिछले महीने एनडीपीएस एक्ट के तहत 35 केसों का निपटारा किया गया जिसमें से 29 केसों में सजा हुई। इसके अलावा मार्च में 141 नये केस आये। वरिष्ठ औषधि नियंत्रक ने बताया कि 55 केमिस्ट की दुकानों पर छापे मारे गये। इनमें से 30 में कमियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब मिलने पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड़, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी, उप सिविल सर्जन डॉ. सिमी, डीएसपी सोनू नरवाल आदि मौजूद थे।

## ताइक्वांडों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 25 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। एसके मार्शल** आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा अकादमी के प्रांगण में विशेष खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ताइक्वांडो खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 25 खिलाड़ियों को एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा और वीवीआईपी गेस्ट के रूप में दि जीआईआईटी के सीआईओ कर्मवीर जांगड़ा ने शिरकत की। इस मौके नगर निगम के एक्सईएन सौरभ गोयल, एसडीओ वीरेंद्र सिंह, पवन शर्मा, कुलदीप, प्रवीण जांगड़ा, अशोक कुमार, वीणा गोयल, महिंद्र देवी, अनीता, पूजा, कमला त्यागी, करनैल सिंह, मनीष, प्रमिला, पंडित सुबोध, प्रदीप, कपिल, आदि सभी ने मिलकर सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# 6 मई तक उम्मीदवार कर सकेंगे अपना नामांकन दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव को लेकर 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो चुकी है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और आगामी 6 मई तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। लोकसभा आम चुनाव में नामांकन के लिए फार्म नम्बर-2 ए तथा विधानसभा उपचुनाव के लिए फार्म नम्बर-2 बी निर्धारित है, जिसके साथ फार्म नम्बर 26 में एफिडेविट भी देना होगा। लोकसभा का चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों से नामाकंन लघु सचिवालय स्थित प्रथम मंजिल पर उपायुक्त न्यायालय कक्ष में लिए



जाएंगे। इसी प्रकार से करनाल विधानसभा का उपचुनाव लड? वाले उम्मीदवारों के नामांकन करनाल एसडीएम न्यायालय कक्ष में लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार नामांकन 29 व 30 अप्रैल तथा 1, 2, 3,4, और 6 मई तक भरे जाएंगे। इसी बीच 5 मई को रविवारीय अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं लिए जाएंगे। इसके बाद 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 9 मई को नाम वापिस लिए जा सकेंगे और इसी दिन आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड? वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आबांटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार नामांकन भरने वाले उम्मीदवार सहित केवल 4 आदमी अंदर आ सकेंगे, शेष व्यक्ति व गाडि?ं 100 मीटर के दायरे से बाहर ही रहेंगी। जिला

**नामांकन**

**8 उपचनुाव के लिए मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे से लेकर सांय 6 बजे तक होगा तथा मतों की गणना 4 जून को**

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाएगा इसके लिए नामांकनों की जांच व सुरक्षा राशि सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपये है। इसी प्रकार से विधानसभा उपचुनाव में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 10 हजार रुपए तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 5 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे से लेकर सांय 6 बजे तक होगा तथा मतों की गणना 4 जून को होगी। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रथम दिन किसी भी राजनैतिक दल व आजाद प्रत्याशी ने नहीं भरा नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव तथा करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र प्रक्रिया के दौरान प्रथम दिन किसी भी राजनैतिक दल व आजाद प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है।

# 'मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना देश के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वार्ड नंबर-2** स्थित शक्ति केंद्र पर पन्ना प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा ने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को जिताने के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ काम करें। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भी देश का प्रधानमंत्री बनाना है। यह देश के लिए और देश की जनता के लिए बेहद जरूरी है, ताकि हमारा देश चौमुखी विकास की ओर



बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र के साथ तीसरी आर्थिक महाशक्ति बने। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में देश को बहुत आगे लाकर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति के लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनका उन्हें पूरा लाभ मिल रहा है। अमरनाथ सौदा ने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को पूरा करेगी और नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में भी प्रधानमंत्री का साथ देगी। जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और करनाल विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी भारी मतों से विजयी होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा प्रत्याशी को खुलवाना होगा अलग बैंक खाता: जिला निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन** अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 25 मई को होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव के लिए उम्मीदवारों को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लड? वाले उम्मीदवार लेन देन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक मोड यानि आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे। यदि चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान व्यय की किसी भी मद के लिए उम्मीदवार द्वारा किसी व्यक्ति या संस्था को देय राशि 10 हजार रुपए से अधिक नहीं है, तो ऐसा व्यय उक्त बैंक खाते से निकालकर नकद में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एलडीएम के माध्यम से सभी बैंको को निर्देश दिए जा चुके है कि उम्मीदवारों के लिए अलग खाता खोलने के लिए प्रत्येक बैंक में उचित व्यवस्थाएं की जाए। जैसे ही चुनाव लड? वाले उम्मीदवार द्वारा नामांकन-पत्र जमा किया जाएगा उसके साथ ही उसके चुनावी खर्च शुरू हो जाएगा, जिस पर निगरानी के लिए टीम का गठन किया जा चुका है।

### मलेरिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विश्व मलेरिया दिवस** के उपलक्ष में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में जिला में कई स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूलों में पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिला ट्रेनिंग सेंटर में चिकित्सा अधिकारियों और एमपीएचडब्ल्यू (पुरूष) की बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों न्रे मलेरिया की रोकथाम व बचाव के लिए जनता से सहयोग की अपील की। उप सिविल सर्जन (वीबीडी) डॉ. अनु शर्मा ने लोगों से छतों पर बेकार पड़े खाली बर्तन, टायर, ट्यूब, डिब्बे, गमले आदि को उल्टा करके रखने की अपील की ताकि इनमें पानी जमा न हो। उन्होंने लोगों से घरों के आस-पास भी पानी न जमा होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश पानी जमा हो गया है तो उस पर मिट्टी का तेल, काला तेल, डीजल आदि डाल दें, ताकि मच्छर का लारवा न पनपे। बुखार होने पर पैरासिटामोल का प्रयोग करें तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच कराएं। मलेरिया होने पर 14 दिन तक दवाई लें।

### कांग्रेस शरिया लागू करना चाहती है, लेकिन जब तक भाजपा है, लागू नहीं होने देंगे: शाह

**शिमला:** लोकसभा चुनाव प्रचार के दूसरे चरण में भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के लिए जोर-शोर से प्रचार करने में जुटे हुए हैं। एक दिन के अंदर दो से तीन राज्यों में जनसभा और रोड शो के माध्यम से जनता को बीते 10 साल की उपलब्धियों से अवगत कराने वाले शाह न थक रहे हैं और न थम रहे हैं। मध्य प्रदेश की जनसभा में अमित शाह ने दिग्विजय सिंह को बंटाधार बताते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया और स्पष्ट चेतवानी दी कि, ह्यकांग्रेस भारत में शरिया लागू करना चाहती है, लेकिन जब तक भाजपा है, हम शरिया लागू नहीं होने देंगे। हमने उत्तराखंड में यूसीसी को लागू किया, अब पूरे देश में करेंगे। आजादी के बाद से ही कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करती आई है और इस बात को अब देश की जनता जान चुकी है। हाल ही में कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में मुस्लिम पर्सनल लॉ और ट्रिपल तलाक जैसे कानून की वकालत की है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में ट्रिपल तलाक जैसे कानून को निरस्त कर दिया गया है। आज मुस्लिम महिलाओं को उनका हक मिल रहा है और सम्मान के साथ अपनी जिंदगी जी रही हैं।

# चुनावी रथ पर सवार होकर गांव-गांव घूमेंगे पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल मंगलवार 30 अप्रैल से धुआंधार प्रचार अभियान में उतरने जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लिए मनोहर लाल के चुनावी रथ का आगाज आज असंध विधानसभा क्षेत्र के गंगाटेहड़ी पोपड़ा से होगा। मंगलवार को मनोहर लाल रथ पर सवार होकर असंध व नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर पहुंचेंगे और आम जन से मिलेंगे। मनोहर लाल इससे पहले प्रदेश के करीब 3 दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां, संवाद और अलग-अलग वर्गों के सामाजिक सम्मेलन कर



चुके हैं। इस यात्रा की शुरूआत गंगाटेहड़ी पोपड़ा से सायं 4 बजे स्कूल के सामने ग्राउंड से होगी। इसके बाद यह यात्रा गांव बाहरी, थल, शर्फअली खेड़ी, बसी, बिलौना, राहड़ा से होते हुए ललैण, रत्तक, चोचड़ा, रूक्साना, इच्छनपुर, डाचर व निसिंग में पहुंचेगी। जगह-जगह मनोहर लाल की रथयात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान मनोहर लाल सरकार की उपलब्धियां जनता के सामने रखेंगे और भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए वादे जनता को बताएंगे। मंगलवार को निसिंग की पुरानी अनाज मंडी में शाम करीब साढ़े 7 बजे इस यात्रा का समापन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए और प्रदेश की सभी 10 सीटें मोदी की झोली में डालने के लिए लगातार प्रचार में जुटे हैं। उनके हर कार्यक्रम में जनता का साथ और आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। अब वे इस रथयात्रा के माध्यम से धुआंधार प्रचार में उतरेंगे और करनाल लोकसभा क्षेत्र के गांव, कस्बों और शहरों में यह यात्रा पहुंचेगी। यह रथयात्रा चुनाव के अंतिम चरण तक चलेगी। मनोहर लाल का रथ प्रतिदिन कम से कम 80 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। रथयात्रा के दौरान ही मनोहर लाल जनसभाएं, जन संवाद और सामाजिक कार्यक्रमों के साथ विधानसभा स्तरीय रैलियों को संबोधित करेंगे।

**पहले चरण में करनाल संसदीय क्षेत्र में घूमेगी यात्रा**

साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भी मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में रथयात्रा निकाली थी। इस बार रथयात्रा पहले चरण में मनोहर लाल के करनाल संसदीय क्षेत्र में घूमेगी। जरूरत पडने. पर बाकी लोकसभा क्षेत्रों की तरफ भी मनोहर लाल के रथ का मुंह मोड़ा जाएगा। इस रथयात्रा की खास बात यह होगी कि जिस रथ में मनोहर लाल सवार होंगे वह ओपन होगा ताकि विभिन्न स्थानों पर लोगों के साथ संवाद और मेल-मिलाप स्थापित किया जा सके।

**प्रतिदिन कम से कम 80 किलोमीटर की दूरी तय करेगा रथ**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की इस रथयात्रा में अलग-अलग अवसरों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत विभिन्न पार्टी नेता, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। यह रथयात्रा 30 अप्रैल से करनाल संसदीय क्षेत्र के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र असंध के गांव गंगाटेहड़ी पोपड़ा से आरंभ होगा। मनोहर लाल का रथ प्रतिदिन कम से कम 80 किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

**बिना खर्ची-पर्ची मिली नौकरियां, भ्रष्टाचार पर किए वार**

भारतीय जनता पार्टी के शासन में युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां मिली।

# करनाल में 7 लाख 20 हजार 464 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके हैं। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 20 हजार 464 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 20 हजार 464 मीट्रिक टन गेहूं



की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 85 हजार 329 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 72 हजार 776 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 62 हजार 359 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

# अनिल-राजन को व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक की कमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा व्यापार** प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शीशपाल गुप्ता ने जिला कार्यकारिणी आज घोषित कर दी। उन्होंने यह नियुक्ति प्रदेश संयोजक नवीन गोयल और सहसंयोजक सौरभ चौधरी और करनाल के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा से विचार-विमर्श के बाद ही की है। शीशपाल गुप्ता ने बताया कि अनिल जैन और राजन गुप्ता को जिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। राजेंद्र गुप्ता को प्रवक्ता और योगेश गोयल तथा रंजीत भारद्वाज को सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। जिले के वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला जिले के मीडिया प्रभारी



बनाए गए हैं। रोहित लामसर सह मीडिया प्रभारी और अंकुर सिरसिया आईटी प्रभारी होंगे। इसके अलावा कमलेश सिंगला, नरेश बंसल, राजेश गर्ग, अजय गर्ग, संजय चौधरी, राहुल गुप्ता, मनजीत सिंह, प्रवीण सिंगला, अनुज गोयल, कमल गर्ग, संदीप गोयल और नितिन गोयल को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। शीशपाल गुप्ता ने बताया कि अमित गर्ग को अर्बन करनाल, निपुण भाटिया को घरौंडा, शुभम खुराना को बरसत, संदीप चौहान को मोहिदीनपुर, अनिल सिंगला को तरावड़ी, तरुण को नीलोखेड़ी, इंद्रजीत सिंह को निसिंग, संजय पाल को बल्ला, जगदीश चंद्र को असंध, चिरंजी लाल को जुंडला, संजीव गोयल को इंद्री, प्रमोद कुमार को कुजपुरा तथा डॉक्टर सुंदर को निगदू का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शीशपाल गुप्ता ने कहा कि यह नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होंने कहा की नियुक्त किए गए सभी सदस्य प्रदेश भाजपा को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा की व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश के सभी व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करेगा।

# देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा: रामनिवास गोयल

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : दिल्ली विधानसभा** के स्पीकर रामनिवास गोयल ने कहा कि आज देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है., प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीट मांग कर संविधान को बदलना चाहते हैं । आश्चर्यजनक बात यह है कि ऐसे हालात में अपने आप को राष्ट्रवादी संगठन बताने वाला आरएसएस चुप्पी साधे हुए है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल पूर्व पार्षद मनु जैन के कार्यालय में नगर के पूर्व पार्षदों व वर्तमान पार्षदों सहित नगर के गणमान्य लोगों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में पहुंचने पर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा तथा मनु जैन ने रामनिवास गोयल का



पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत कियाऔर आश्वासन दिलाया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को भारी बहुमत से विजयी बनाकर भेजेंगे।रामनिवास गोयल ने कहा कि हिंदी क्षेत्र में दो चरण में हुए कम मतदान के पश्चात मोदी बौखला गए हैं और वह ऐसे निम्न स्तर की भाषा बोल रहे हैं जो कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिरा दी है। उन्होंने बताया कि उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की है। उनका परिवार और वह स्वयं लंबे समय तक आरएसएस से जुड़े रहे लेकिन आज आरएसएस ने भी मोदी के सामने घुटने टेक दिए हैं। आरएसएस चुप है,देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 तक कांग्रेस ने देश को तरक्की के आयाम तक पहुंचाया। आज देश कर्जे में डूबा हुआ है। रामनिवास गोयल ने कहा कि जिस नवीन जिंदल पर 2014 में खुद मोदी ने कोयला चोरी के आरोप लगाए थे, आज उसे ही भाजपा की वाशिंग मशीन में डालकर क्लीन चिट दे दी और कुरुक्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार बना दिया। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल को टिकट देने से आरएसएस भी नाराज है और भाजपा कार्यकताओं में मायूसी है। गोयल ने कहा कि आज देश में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीत की ओर अग्रसर है। यह चुनाव देश को तानाशाही से बचाने का चुनाव है।

# मंडियों में 277486 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 277486 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 275140 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 36436 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 108558 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 101177 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4353 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस रविवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 8432 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 4476 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15528 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 27402 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 12143 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 29138 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 58939 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 1713 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 32946 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# चोरी की वारदात में शामिल रहा दूसरा आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

सीआईए टू पुलिस टीम ने विद्यानंद कॉलोनी में घर से मोबाइल फोन व नगदी चोरी की वारदात में शामिल रहे दूसरे आरोपी को विद्यानंद कॉलोनी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान साईम निवासी विद्यानंद कॉलोनी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि उनकी टीम ने 8 अप्रैल को बबैल नाका के पास से आरोपी अफसार उर्फ आदिल निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में



आरोपी ने कॉलोनी निवासी अपने साथी आरोपी साईम के साथ मिलकर 26 मार्च की रात कॉलोनी में एक घर से 10 हजार रुपए व एक मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अकरम निवासी विद्यानंद कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपी अफसार ने चोरी की नगदी में से अपने हिस्से में आए रुपए खर्च कर दिए थे। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी अफसार को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी साईम की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# युवक के साथ मारपीट कर बनाई वीडियो, जबरदस्ती कहलवाया जीजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव जयसिंहपुरा** में एक युवक के साथ पहले मारपीट की और वीडियो बनाकर जबरन युवक के मुंह से जीजा कहलवाया। इतना ही नहीं आरोपियों ने झगड़ा किया और एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा भी पीड़ित पर दर्ज करवा दिया। समझौते के नाम पर 90 हजार रुपए ले लिए। आरोपियों ने न सिर्फ युवक को जान से मारने, बल्कि उसकी बहन को भी घर से उठाकर ले जाने की धमकी दी। आरोपियों के डर से पीड़ित युवक चेन्नई चला गया। आरोपियों ने युवक के वीडियो को वायरल कर दिया और घर वालों को परेशान करना शुरू कर दिया। इसके बाद युवक



चेन्नई से लौटा और मामले की शिकायत पुलिस को की। असंध थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असंध के गांव जयसिंहपुरा गांव का आदित्य बीती 26 मार्च को होली वाले दिन अपने घर था। आदित्य ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 मार्च को उसके पास सुनील और अरुण ने कॉल किया, जिन्होंने उसे घर से बाहर बुलाया। दोनों उसे नानकपुरा चौक असंध लेकर पहुंचे, लेकिन इसके बाद चौक से उसे जबरदस्ती जेसी कॉलेज के पार्क में ले गए। आदित्य ने पुलिस को बताया है कि पार्क में पहले से ही मोहित और शिशन मौजूद थे। आरोप है कि इन चारों ने उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की और वीडियो बनाई। मारपीट करते हुए आरोपियों ने कहा कि तू हमें जीजा बोल। इन लोगों ने मेरे मुहं से जबरदस्ती जीजा बुलवाया। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसकी बहन को जबरन घर से उठाने की धमकी भी दी। मारपीट के बाद आरोपियों ने मेरी वीडियो को वायरल कर दिया और धमकी दी कि अगर तूने हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई की तो हम तेरे ऊपर एससी-एसटी एक्ट का झूठा केस बनवा कर अंदर करवा देंगे। इसके साथ ही तेरे परिवार वालों के खिलाफ भी झूठा केस बनाकर अंदर करवा देंगे। आदित्य ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इन लोगों ने मेरे साथ झगड़ा करके एससी-एसटी एक्ट लगवा दिया था। इन लोगों ने 90 हजार रुपए लेकर समझौता किया था। इन आरोपियों के डर से मैं चेन्नई चला गया, लेकिन आरोपियों ने मेरे परिवार वालों को तंग करना शुरू कर दिया और मेरी वीडियो फिर से वायरल कर दी। वीडियो के बारे में मेरे घर वालों को पता चला और घर वालों ने मुझे चेन्नई से वापस बुला लिया। 15 अप्रैल को मैं घर आ गया था। आरोपियों ने फिर से मुझे मारने पीटने की धमकी दी है। आरोपियों से मुझे व मेरे परिवार वालों को खतरा है। आदित्य ने अब मामले की शिकायत पुलिस को दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 30 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

## राजनाथ हाथ जोड़कर आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ योगी हाथ में 'कमल का फूल' और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** राजधानी लखनऊ की सड़कों पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का विकास रथ' निकला। इस पर सवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाथ जोड़कर आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में 'कमल का फूल' और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से प्रारंभ हुआ रोड शो कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। कार्यकताओं के हौसलों के आगे चिलचिलाती धूप भी बौनी दिखी। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने योगी-राजनाथ पर पुष्पवर्षा भी की। पूरा रास्ते भाजपा के झंडे संग



भगवामय रहा। रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तरांखड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, देवरिया के सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज बोरा, पंकज सिंह आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संभाली कमान :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीच-बीच में स्वयं कमान संभाल लेते हुए व्यवस्था संभालने का आह्वान करते रहे। योगी ने लखनऊवासियों का आभार जताया तो 'भारत मां की जयकार, वंदे मातरम, फिर एक बार-मोदी सरकार' आदि नारे लगवाते रहे। योगी आदित्यनाथ रास्ते की व्यवस्था को भी माइक से संभालते रहे। अव्यवस्था न हो, इसके लिए बीच-बीच में भाजपा कार्यकताओं व व्यवस्था से जुड़े लोगों को रथ से ही निर्देश भी देते रहे। विकास रथ पर राजनाथ सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो योगी आदित्यनाथ कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर अबकी बार-400 पार का संवाद भी करते रहे।

### देशभक्ति गीतों संग जुड़ा लखनऊ

**रोड** शो के दौरान देशभक्ति गीत भी लोगों में जोश भरता रहा। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे. ऐ वतन-ऐ वतन आदि गीतों पर ढोल-नगाड़े संग लोग झूमते रहे। वहीं बीच में आई एंबुलेंस को भी रास्ता देकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी संजीदगी को दशार्या। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन व जोश भी दिखा।

**अल्पसंख्यक समाज समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने भी किया स्वागत**

रास्ते में अल्पसंख्यक समाज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। मंच पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग समाज की महिला-पुरुषों ने भी विकास रथ पर पुष्पवर्षा की। साथ ही व्यापार मंडल, अधिवक्ता समाज, बैंड बाजा एसोसिएशन, रेलवे से जुड़े संगठनों के पदाधिकारी, अग्रवाल समाज, विभिन्न वर्गों और भाजपा के सभी आनुसांगिक संगठनों के लोगों ने विकास रथ और इस पर खड़े नेताओं का जोरदार स्वागत किया।

**कैमरे में कैद करते रहे पल-पल की तस्वीर :** राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ी भीड़ पल-पल की तस्वीर को कैमरे में कैद करती रही। भाजपा का कार्यकर्ता हो या आम जनमानस, हर कोई अपने मोबाइल में पल-पल की तस्वीर को खींच रहा था।

## फास्ट न्यूज

### जंगल आग से धधक रहे हैं, मंत्री-सीएम चुनाव में मस्त हैं: जोशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड में गढ़वाल से कुमाऊं तक जंगल आग से धधक रहे हैं। आग से अब तक 581 हेक्टेयर से अधिक वन संपदा को नुकसान हुआ है। इस बीच वनाग्नि की घटनाओं पर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उत्तराखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने कहा है कि सारे जंगल आग से धधक रहे हैं, लेकिन न मंत्रियों का पता है और न मुख्यमंत्री का। सब चुनाव में मस्त हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग लगने से जंगली जानवर, पशु-पक्षी समेत करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हो रहा है। पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। पहाड़ का तापमान बढ़ रहा है, लेकिन इसको लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। वन विभाग हाथ पर हाथ रखकर बैठा हुआ है।

### सपा कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं : मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुर :** लोकसभा चुनाव जौनपुर व मछली शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सोमवार को दोपहर में जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं। वर्ष 2014 में मोदी की हवा चल रही थी 2019 में आंधी चली तो 2024 में तूफान चल रहा है। लोकसभा जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर प्रत्याशी भोलानाथ सरोज (बीपी सरोज) के समर्थन में जनसभा करने आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निशाने पर सपा, कांग्रेस और बसपा पार्टियां रहीं। उन्होंने कहा कि हर बूथ से 370 वोट अधिक डलवाने का काम हो। 2024 में जौनपुर व मछली शहर दोनों भाजपा की सीट जिताने की जिम्मेदारी उठाओ। पीडीए (परिवार डेवलपमेंट अथारिटी) ने अभी तक परिवार के पांच सदस्यों को छोड़कर किसी यादव को प्रत्याशी नहीं बनाया है। यूं तो पीडीए का मतलब पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्य होता है लेकिन सपा में कुछ अलग ही है। परिवार भर चुनाव लड़ते हैं। इस अवसर पर जिला कारागार राज्य मंत्री दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव ,राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव, विधायक रमेश मिश्रा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह आज उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने राज्य में बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून :** कांग्रेस ने राज्य में बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ विरोध जताया है। इस संबंध में सोमवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। गोगी ने आरोप लगाते हुए कि पहले तो पिछले वर्ष एडिशनल सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर लोगों को लूटा गया, बड़े लोगों को छोड़ कर आम उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिजली विभाग ने काटे और अब डबल इंजन की सरकार ने ये तोहफा राज्य की जनता को दिया है। 2014 में भाजपा सरकार के आने के बाद लोगों की जरूरत की हर चीज चाहे वो गैस हो, पेट्रोल हो, बिजली हो, दालें और अन्य खाद्य पदार्थ हो बहुत महंगी हो चुकी है।

# स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**

**अमेठी:** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दयिा। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे। नामांकन से पहले स्मृति ने अपने आवास पर विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद वह भाजपा कार्यालय पहुंची और यहां से मोहन यादव के साथ रोड शो की शुरूआत की थी। नामांकन के दौरान अयोध्या से आए महापौर पंडित गिरीशपति त्रिपाठी ने राम नाम का पटका देकर मुख्यमंत्री व स्मृति ईरानी का स्वागत किया। वहीं अयोध्या से आए कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। नामांकन के दौरान भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। बता दें, यूपी के चुनाव में सपा व कांग्रेस गठबंधन जहां मुस्लिम-यादव मतों को अपनी ताकत मान रही है। वहीं, अमेठी सीट से केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी के तीसरी बार के नामांकन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को बुलाकर 'वाई फैक्टर' साधने की कोशिश भाजपा के रणनीतिकारों ने की है।

**रोड शो**

**20 मई को होगा मतदान, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ सुबह 1120 पर रोड शो की शुरूआत की**

**अमेठी क्षेत्र में सबसे अधिक यादव मतदाता :** हाईप्रोफाइल अमेठी संसदीय सीट तीन जिलों के पांच विधान सभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाई गई है। इसमें जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के साथ ही रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा क्षेत्र व जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र में सुलतानपुर के बल्दीराय तहसील के 24 ग्राम पंचायतों के 62 बूथ शामिल हैं। अगर जातिगत आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे अधिक 48 हजार के करीब यादव मतदाता अमेठी विधानसभा क्षेत्र में हैं।

# सीएम धामी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर ऊधम सिंह नगर जनपद की कानून व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता देवभूमि में सुरक्षित वातावरण देना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों और जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली जनता की सुविधा और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# अपने बलबूते दमदारी से चुनाव लड़ रही हैं: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं:** बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को बदायूं में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी किसी विरोधी पार्टी के साथ नहीं अपने बलबूते दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट वितरण में सर्व समाज को भागीदारी दी है। समाजवादी पार्टी का रवैया टिकट किस तरह का होता है यह हिंदू और मुस्लिम दोनों जानते हैं। हिंदू मुस्लिम की आबादी देखकर टिकट देते हैं। यह उनका चरित्र है। बदायूं में मुस्लिम कितनी भी संख्या क्यों न हो चुनाव उनके परिवार का ही चुनाव लड़ेगा। संभल में मुस्लिम आबादी ज्यादा है, जहां हमने मुस्लिम समाज को टिकट दिया है। मायावती ने कहा, टिकट देने के



मामले में हम पक्षपात नहीं करते हैं। भीड़ के जोश देखकर भरोसा हो गया है प्रदेश में बसपा का बेहतर रिजल्ट आएगा। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की हालत ठीक नहीं है। इनकी सरकारों में दलित, पिछड़ों, बाबा साहब की उपेक्षा की गई। इसीलिए कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई, भाजपा और उनके सहयोगी दल सत्ता में आ गए। भाजपा की सरकार में भी धर्म-जाति को अहमियत दी जा रही है। भाजपा में जुमलेबाजी दिख रही है। अच्छे दिन दिखाने के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। जो दावे किए उसका एक चौथाई काम नहीं पूरा किया। बसपा प्रमुख ने कहा कि बीजेपी पूंजीपतियों और धन्नासेठों को लाभ पहुंचाती है। अब लगता है कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने जांच एजेंसियों का उपयोग कर रही है। सांप्रदायिक सोच के चलते दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का विकास नहीं हो सका है। एससी वर्ग के कर्मचारियों की प्रोन्नति को निष्प्रभावी कर दिया। अब प्राइवेट एजेंसियों के माध्यम से नौकरी दी जा रही है। शोषण और उत्पीड़न खत्म नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से बीजेपी और आरएसएस के चलते हिंदुत्व की आड़ में ज्यादती चरम पर है। अपर कास्ट में भी गरीबों की स्थिति ठीक नहीं है। भाजपा की गलत नीतियों से किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है।

**साधा निशाना**

**समाजवादी पार्टी का रवैया टिकट किस तरह का होता है यह हिंदू और मुस्लिम दोनों जानते हैं**

# '..तो पुलिस की नौकरी केवल 3 साल की रह जाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाथरस के सिकंदराराऊ पहुंचकर जनसभा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने महंगाई और बेरोजगारी पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है।

**भाजपा ने की युवाओं की जिंदगी खराब :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर युवाओं की एक तिहाई जिंदगी खराब करने का आरोप



लगाया है। हाथरस के सिकंदराराऊ में आयोजित सभा में उन्होंने कहा नौकरी नहीं मिल रही हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। ये कैसी सरकार है जो अपने लीकेज नहीं रोक पा रही। सपा सरकार बनने पर तीस लाख रिक्त पद भरे जाएंगे। अग्नीवीर वाली आधी नौकरी खत्म की जाएगी।

**पुलिस की नौकरी रह जाएगी केवल तीन साल की : अखिलेश**

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि खाकी वर्दी वाले अन्याय कर रहे हैं। इन्हें बता देते हैं कि अभी फौज की नौकरी चार साल की है, अगर दोबारा भाजपा आई तो पुलिस की नौकरी तीन साल कर कर देंगे। किसी को पता था कि अग्निवीर के हक को यह मारेंगे। ट्रेन, एयरपोर्ट, बंदरगाह सब बिक गए हैं। जब ये सब हो सकता है तो खाकी वालों की नौकरी भी तीन साल की हो सकती है।

# आग बुझाने में अब रोबोट का इस्तेमाल करेगा फायर डिपार्टमेंट



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** अब अग्निशमन विभाग फायर फाइटिंग रोबोट से आग बुझाएगा। इसके खरीदने की कवायद अग्निशमन विभाग में शुरू हो गई है। रोबोट का परीक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार, कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष हजरतगंज फायर स्टेशन पर किया गया। रोबोट को घटनास्थल से 500 मीटर दूरी पर खड़ा अग्निशमन विभाग का कर्मचारी आपरेट कर सकेगा। इसके पिछले हिस्से में लगे पाइप में वाटर टेंडर को कनेक्ट किया जाएगा। इसके बाद यह फायर फाइटिंग के लिए तैयार हो जाएगा। रिमोट की बटन आन करते ही कर्मी जिस दिशा में इसे ले जाना चाहेगा ले जा सकता है। खासकर इसका प्रयोग इमारत में लगी आग, जहां इमारत ढहने का खतरा हो। केमिकल की आग, आग का स्रोत खोजने में, भीषण धुएं वाली आग में करना बेहद सफल होगा। रोबोट में थर्मल इमेजिन कैमरा, आप्टिकल कैमरा लगा है। कैमरे का जूम रिमोट से 500 मीटर दूर खड़ा कर्मचारी भी सेट कर देख सकेगा।

# प्रकृति के अनुकूल हों ऐसे ही नवाचार करें : राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी, वैदिक भारत के शाश्वत सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें, जो प्रकृति के अनुकूल हों। राज्यपाल मिश्र सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचानते हुए उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों को तकनीकी शिक्षा में प्रधानता देने के लिए चिंतन की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में इस तरह के शोध और अनुसंधान हों, जिससे देश के संसाधनों से स्थानीय



उत्पादों का निर्माण हो सके। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शोध और अनुसंधान की मौलिक परंपरा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसी के अनुरूप भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखकर आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाए। प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी मानव कल्याण के उद्देश्य के साथ युगानुकूल हो। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत की शिक्षा का दृष्टिकोण विज्ञान, प्रौद्योगिकी, भारतीय दर्शन और नवाचार प्रतीक के रूप में खड़ा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज भी हमारे यहां वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा अंग्रेजी में ही दी जाती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन की पहल की गई है। इसका उद्देश्य अंग्रेजी के साथ दूसरी भाषाओं में वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा के पाठ्यक्रमों को सुलभ करवाना है।

**नवाचार**

**विद्यार्थी, वैदिक भारत के शाश्वत सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें : राज्यपाल**

# सीएम यादव ने खड़गे और जीतू पटवारी से मांगा इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम के चुनाव से नॉमिनेशन वापस लेने पर डॉ मोहन यादव ने मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मैंने पहले ही कहा था, मध्यप्रदेश पूरा मोदी मय हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में प्रचंड आंधी चल रही है, खासकर मध्यप्रदेश में। उन्होंने कहा कि हमको मालूम है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने 29 सीटों पर समझौता किया है। 28 सीट कांग्रेस को दी और 1 सीट समाजवादी पार्टी ने ली है। खजुराहो सीट से पहले समाजवादी पार्टी के सदस्य ने अपना नॉमिनेशन फॉर्म वापस लिया या एक तरह से जानबूझकर कर उन्होंने फॉर्म में त्रुटि की, ताकि कलेक्टर के पर आरोप लगाए।

उन्होंने एक तरह से विड्रॉ किया। घोषित तरीके से उन्होंने कहा कि प्रशासन ने गलती कर दी, जबकि उसी समय स्पष्ट किया गया था कि जब कोई उम्मीदवार फॉर्म भर के दो-दो जगह हस्ताक्षर नहीं करता तो इसका मतलब यह है कि वो चुनाव नहीं लड़ना चाहता।

**सुरक्षा** डॉग स्क्वायड और क्यूआरटी ने भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ सर्च किया। एयरपोर्ट बिल्डिंग,पार्किंग एरिया,एप्रन एरिया समेत चप्पे- चप्पे पर चेकिंग की गई

# जयपुर एयरपोर्ट को फिर मिला बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को फिर ईमेल पर एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना मिली है। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। वहीं केंद्रीय एजेंसियो के साथ राजस्थान पुलिस भी एक्टिव हो गई। डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर जांच की गई, लेकिन एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस उपायुक्त जयपुर कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि तीन दिन के भीतर दूसरी बार जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एयरपोर्ट को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की बात लिखी गई



है और साथ ही बताया कि जयपुर ही नहीं बल्कि देश के वाराणसी, चड़ीगढ़, श्रीनगर सहित भारत के कई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इंडिया के इन सभी एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर ये धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। मेल करने वाले ने सभी को एक साथ धमकी भरा मेल किया है। जिसमें एयरपोर्ट पर बम लगाने की बात कही गई है। सुरक्षा एजेंसिया पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उन्होंने बताया कि धमकी भरा मेल प्राप्त होने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और क्यूआरटी ने भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ सर्च किया। एयरपोर्ट बिल्डिंग,पार्किंग एरिया,एप्रन एरिया समेत चप्पे- चप्पे पर चेकिंग की गई। जांच में एयरपोर्ट पर कहीं पर भी कोई विस्फोटक नहीं मिला। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। साथ ही इस मामले में साइबर एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है। थानाधिकारी मोतीलाल ने बताया कि सोमवार सुबह एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर ई-मेल भेजकर यह धमकी दी गई है।

**मचा हड़कंप**

**सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। राजस्थान पुलिस भी एक्टिव हो गई**

# इंदौर उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस ने लगाया षड़यंत्र का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** गुजरात की तरह मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस को एक झटका लगा है। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अक्षय क्रांति बम द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के बाद अब इस पर राजनीतिक तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा नेता एक दूसरे पर जमकर जुबानी हमला बोल रहे है। कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा है कि ऐसी घटना अचानक नहीं होती, इसकी सूचना अचानक मिलती है। भारतीय जनता पार्टी षड्यंत्र रचती है, धनबल का प्रयोग करती है और शासन का सहयोग लेती है। तब जाकर ऐसी घटनाएं होती है। बीजेपी से हमारा संघर्ष है अभी ऐसी और भी घटनाएं हमें देखनी है। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को फिर से एक बार शर्मसार करने का काम किया है।भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी बहुत ही कमजोर प्रत्याशी के रूप में उभर के सामनेआए हैं। जिससे घबरा कर भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी के ऊपर चार दिन बाद 307 का अपहरण अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया था। लगातार कांग्रेस प्रत्याशी पर दबाव बनाया जा रहा था।